पेज @ 09




प्राचीन लोक नृत्यों ने जमाया रंग


दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak






वर्ष: 2 | अंक: 330 जयपुर, बुधवार, 08 नवंबर, 2023 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष- दशमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00







**चुनाव की सियासत:** राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों ने एक-दूसरे पर किए वार

# गहलोत ने ईडी, तो शाह ने तुष्टीकरण पर साधा निशाना

## CM गहलोत ने दिखाई कांग्रेस की गारंटी यात्रा को हरी झंडी, बोले...

## जनता माई-बाप, वही करेगी हमारे काम का विश्लेषण

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार ने जनता को पहले जो 10 गारंटियां दी थीं, उनकी क्रियान्विति हुई। इससे जनता को विश्वास है कि हम जो कहते हैं, उसको करके दिखाते हैं। 25 लाख का चिकित्सा बीमा सहित कई योजनाओं की घोषणाओं से राजस्थान की जनता लाभान्वित हो रही है। अब हमने सात गारंटियों की घोषणा की है। अभी चुनाव घोषणा पत्र और आएगा। इनका हम प्रचार प्रसार कर जनता से वोट मांगेंगे। जनता माई-बाप होती है, वो हमारे काम का विश्लेषण करेगी। उन्होंने कहा मैंने इस मौके पर भगवान से प्रार्थना की है कि ब्रह्मांड में मौजूद सभी सुखी रहें। यानी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय।

गहलोत विधानसभा के चुनावी समर में योजनाओं को आमजन के बीच ले जाने के लिए मंगलवार को यहां मोती डूंगरी गणेश मंदिर से गारंटी यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद मीडिया से मुखातिब थे। यात्रा प्रदेश में 31 जिलों के करीब 140 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 4,400 किलोमीटर का सफर तय करेगी।

इससे पूर्व मोती डूंगरी मंदिर के महंत पंडित कैलाश शर्मा ने गारंटी यात्रा की विधिवत पूजा अर्चना कराई। इसके बाद कांग्रेस की यात्रा का शंखनाद हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री गहलोत के साथ राजस्थान प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सह प्रभारी अमृता धवन, काजी निजामुद्दीन, मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित कई नेता मौजूद रहे। यह यात्रा 15 नवंबर को भरतपुर में समाप्त होगी।

### ये हैं सात गारंटियां

पिछले दिनों कांग्रेस ने 7 गारंटियां दी हैं। इसमें गोधन योजना तहत किसानों से 2 रुपए प्रति किलो गोबर खरीद, कॉलेज में एडमिशन लेने वाले हर स्टूडेंट को पहले वर्ष फ्री लैपटॉप, हर छात्र को अंग्रेजी मीडियम शिक्षा, 15 लाख रुपए का प्राकृतिक आपदा बीमा, 1.05 करोड़ परिवारों को 500 रुपए में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर, गृहलक्ष्मी गारंटी योजना में महिला मुखिया को सालाना 10 हजार रुपए, सरकारी कर्मचारियों के लिए ओपीएस का कानून बनाने की गारंटी दी गई है।



### रोड शो जैसा माहौल

मोती डूंगरी गणेशजी की पूजा अर्चना के बाद यात्रा राजा पार्क, कृष्ण परनामी मंदिर एवं गुरुद्वारा सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंची। जहां गहलोत सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने पूजा अर्चना की। यात्रा के दौरान कांग्रेस के रोड शो जैसे माहौल रहा।

### हमारा मुकाबला भाजपा की बजाय ईडी से

गहलोत ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस का मुकाबला भाजपा के बजाय ईडी और उस जैसी केंद्रीय एजेंसियों से हैं। गहलोत कांग्रेस की 'गारंटी यात्रा' के दौरान जयपुर के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का मुकाबला नहीं कर पा रही भाजपा अब झूठे आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा, 'वे हमारे कामों के बारे में कोई बात नहीं कर रहे हैं। वे हमारी गारंटियों के बारे में कोई बात नहीं कर रहे हैं। उनके पास कहने को कुछ नहीं है। हमने सात गारंटियों की बात की है।'

### गहलोत ने यात्रा मार्ग में सुनीं गिग वर्कर्स और अन्य लोगों की समस्याएं

गहलोत ने यात्रा मार्ग में गिग वर्कर्स सहित अन्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। यात्रा मालवीय नगर, आदर्श नगर, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से गुजरती हुई अंत में हवामहल विधानसभा क्षेत्र में पहुंची, जहां गोविंददेव जी मंदिर पर यात्रा का समापन हुआ।

### अमित शाह के बयान पर पलटवार

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश कांग्रेस के वॉर रूम में मंगलवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि देश के गृह मंत्री इतने बौखला गए हैं कि उनको राजस्थान के मुद्दे तक नहीं पता है। वे नॉन इशु को मुद्दा बनाकर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने शाह के रथ पर बिजली के तार गिरने की घटना को लेकर गहलोत बोले कि मैं पूरे मामले में जांच करवाऊंगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा के पास ईडी है तो हमारे पास गारंटी है।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कटाक्ष**

## कानून-व्यवस्था गुम... कोई जादूगर ही ऐसा कर सकता है

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय गृह मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि राजस्थान में मौजूदा अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में राज्य में कानून-व्यवस्था, बिजली और पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई स्वास्थ्य सुविधाएं गुम हो गईं। इसको लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, 'यह तो कोई जादूगर ही कर सकता है।'

नागौर के कुचामन, मकराना आदि स्थानों पर जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार "सबसे भ्रष्ट" है और वह "तुष्टीकरण की सभी सीमाएं" लांघ चुकी है। उन्होंने लोगों से इसे उखाड़ फेंकने की अपील की। उन्होंने उदयपुर के दर्जी कन्हैयालाल हत्याकांड, विभिन्न सांप्रदायिक घटनाओं, अवैध खनन और भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने की घटनाओं के हवाले से राज्य की गहलोत सरकार पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि गहलोत जी को कांग्रेस के उनके प्रशंसक जादूगर कहते हैं .. जादूगर तो वह हैं ही। कोई मुख्यमंत्री ऐसा जादू नहीं कर सकता। उन्होंने जादू कर राजस्थान में बिजली गुम कर दी, जो स्वास्थ्य सुविधाएं पिछली वसंधुरा राजे सरकार में बहुत आगे बढ़ी थीं, उसे उन्होंने गुम कर दिया, रोजगार और कानून-व्यवस्था भी गुम कर दी... इतनी सारी चीजें तो केवल जादूगर ही गुम कर सकता है और कोई नहीं कर सकता।



■ प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

### फिर की लाल डायरी प्रकरण की बात

कथित 'लाल डायरी' प्रकरण को लेकर गहलोत पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा,'लाल रंग देखकर गहलोत जी भड़क जाते हैं। कुछ भी लाल हो, गहलोत जी को उसमें लाल डायरी ही नजर आती है, और कुछ नजर नहीं आता।' बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा का आरोप है कि इस डायरी में मुख्यमंत्री के अवैध वित्तीय लेनदेन का विवरण है।

### कांग्रेस ने 70 साल रोका राम मंदिर

शाह ने कांग्रेस पर 70 साल तक अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को रोकने का आरोप लगाया। 550 साल से ज्यादा समय से प्रभु श्री राम अपमानित अवस्था में थे। मोदी जी ने भूमि पूजन किया और 22 जनवरी 2024 को इसकी प्राण प्रतिष्ठा भी मोदी जी करने वाले हैं।

### शाह का रथ विद्युत तार से टकराया

शाह नागौर के परबतसर में मंगलवार को उस समय बाल-बाल बच गए, जब उनका काफिला चुनावी रैली के लिए जा रहा था। जिस 'रथ' (बस) में वे थे, उसके बिजली के तार के संपर्क में आने से चिंगारी निकली और फिर उन्हें अन्य वाहन से रवाना किया गया।

**जरूरी खबर**

### छत्तीसगढ़ और मिजोरम में शांतिपूर्ण हुआ मतदान



**रायपुर/आइजोल।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण और मिजोरम विधानसभा के लिए मंगलवार को पुलिस और अर्धसैनिक बलों की कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराया गया। शांति पूर्ण हुई वोटिंग में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 71.11 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के शाम छह बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक 77.39 फीसदी मतदान दर्ज किया गया।


■ पेज 7 भी देखें


**ये भी देखें...**


नाराज कांग्रेस नेताओं ने भाजपा जॉइन की पेज-2

भाजपा के पास CM का चेहरा ED: रंधावा पेज-3


## मैक्सवेल का दोहरा शतक... ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में

एजेंसी | नई दिल्ली

ग्लेन मैक्सवेल के धुआंधार नाबाद 201 रन की तूफानी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 3 विकट से हराकर आईसी विश्व कप में सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया। ऑस्ट्रेलिया की 9 मैचों में यह छठी जीत है और उसके 12 अंक हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने एक समय 91 रन के स्कोर पर 7 विकेट गंवा दिए थे। तब भी मैक्सवेल ने हार नहीं मानी और उन्होंने अकेले दम पर ऑस्ट्रेलिया को रोमांचक जीत दिला दी। 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 46.5 ओवर में 7 विकेट पर 293 रन बनाए।



## SC सख्त, पराली जलाने पर रोक

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पराली जलाने पर तुरंत रोक का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा है कि पंजाब, हरियाणा, यूपी, राजस्थान और दिल्ली सरकार तुरंत इसे रोकें। शीर्ष अदालत ने प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के कारण लोगों को होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा,'हम, इसके (प्रदूषण) कारण लोगों को मरने नहीं दे सकते।


■ पेज 8 भी देखें


**भारत को मिल गई 'प्रलय' की ताकत... दुश्मनों के छुड़ा देगी छक्के**

## नई मिसाइल का सफल परीक्षण, पाक तक पहुंच

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत ने शॉर्ट डिस्टेंस बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' का परीक्षण किया है। इस नई और घातक मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के पास अब्दुल कलाम आइलैंड से किया गया। यह मिसाइल सतह से सतह पर मार करने वाली है। यह मिसाइल एलएसी और एलओसी के पास तैनात की जाएगी। इससे पहले दिसंबर 2021 में इसका दो बार परीक्षण किया जा चुका था और इसने इस बार भी अपने मिशन के सभी लक्ष्यों को प्राप्त किया। डीआरडीओ ने इसका विकास किया है और इसकी मारक क्षमता 350 से 500 किमी तक है. इस पर 500 से 1000 किलोग्राम के हथियार लादे जा सकते हैं।



### सीमा पर हमारी प्रतिरक्षा होगी मजबूत

केंद्र सरकार ने प्रलय की तैनाती चीन और पाकिस्तान की सीमा पर करने के लिए हरी झंडी दिखा दी है। इस मिसाइल के परीक्षण के दौरान उसकी स्पीड, रेंज और ट्रैक करने वाले उपकरणों की जांच की गई। यह मिसाइल भारत की प्रतिरक्षा को और मजबूत करेगी।

### छह तरह के हथियार होंगे लोड

इस मिसाइल की खासियत ये है कि इसकी नाक यानी वॉरहेड में छह तरह के हथियार लगाए जा सकते हैं, यानी इसमें हाई एक्सप्लोसिव, पेनेट्रेशन, क्लस्टर म्यूनिशन, फ्रैगमेंटेशन, थर्मोबेरिक और केमिकल वेपन लगाए जा सकते हैं।

**भाजपा के दो वरिष्ठ नेताओं का बयान... लाएगा सियासी तूफान!**

# दो BJP प्रत्याशियों ने राजे की मौजूदगी में उनको बताया भावी CM

- महंत बालकनाथ और जसवंत यादव ने बताया भावी सीएम
- इस नए बयान से बीजेपी के विभिन्न खेमों में गरमा सकता है यह मुद्दा
- भाजपा मोदी के चेहरे और 'कमल' पर चुनाव लड़ने का कर चुकी है ऐलान

बेधड़क | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान विधानसभा चुनाव में स्पष्ट कर चुकी है कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और कमल निशान पर लड़ा जाएगा। बता दें, दो-तीन साल से पार्टी तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां को भावी सीएम माना जा रहा था, चाहे उनके समर्थकों के द्वारा ही। फिर, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को प्रदेशाध्यक्ष बनाने की चर्चा गरमाई तो फिर पार्टी की अंदरखाने सियासत गरमा गई, तब पार्टी को प्लान बदलना पड़ गया। इस बीच, तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने कहा था कि पार्टी बड़ी है कोई व्यक्ति नहीं, भाजपा का चेहरा तो कमल निशान है। तीन खेमों के विवाद के चलते पार्टी के निर्गुट नेता उनकी बात का समर्थन करने लगे।



### अब भी सुलग रही विवाद की चिंगारी

तीन-चार नेताओं को सीएम फेस बनाने की उठती आवाजों के बीच विवाद गहराता दिखा तो हाईकमान ने कमल निशान और पीएम मोदी के फेस पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर इसका पटाक्षेप हुआ मान लिया था। अब चुनाव के बीच दो प्रत्याशियों द्वारा वसुंधरा को खुले मंच से 'भावी सीएम' बताने से पता चला कि विवाद की चिंगारी अभी बुझी नहीं है।

### फिर गहरा सकता है सीएम फेस का मुद्दा

तिजारा से भाजपा प्रत्याशी और सांसद महंत बालकनाथ और बहरोड़ से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री डॉ. जसवंत यादव के बयान से सीएम फेस का मुद्दा फिर गहरा सकता है। इन्होंने कहा, हमारा नेतृत्व करने वाली नेता वसुंधरा राजे हैं। डॉ.यादव ने कहा कि बिना इनके (राजे) कहे कह रहा हूं कि इनको सीएम बना दिया तो थांरो भाई डंका की चोट पर मंत्री बनेगो, पर बनूंगा तब ही जब ये बनेंगे। बहरोड़ में भाजपा प्रत्याशी डॉ. यादव की इस नामांकन सभा में मुख्य अतिथि राजे ही थीं। वहीं, महंत बालकनाथ ने संबोधन की शुरुआत में ही राजे को पूर्व और आने वाले भविष्य की मुख्यमंत्री बताया। बता दें, बालकनाथ ने 9 फरवरी 2023 को भी कहा था कि वसुंधरा ही पार्टी का सीएम चेहरा होंगी। शीर्ष नेतृत्व भी हमारे साथ है।

### राजे ने खुद कहा था पार्टी का फैसला सर्वोपरि

करीब साल भर पहले वसुंधरा राजे का एक बयान आया था, जिसमें राजे ने पहली बार बीजेपी में सीएम फेस को लेकर जारी विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा था कि बीजेपी में जो भी फैसला होगा वो ठीक होगा।

## जरूरी खबर

### सरकार की योजनाओं पर नहीं बोले शाह: शर्मा



**बेधड़क, जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के दौरे के बाद पलटवार किया है। शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि अमित शाह राजस्थान का सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाह राजस्थान आकर मुद्दाविहीन राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। शर्मा ने गहलोत सरकार की ओपीएस, चिरंजीवी, मुफ्त फूड पैकेट जैसी योजनाओं पर बोलने से कतराए। इसकी बजाय उन्होंने केंद्र सरकार की थोथी घोषणाओं की वाहवाही लूटने की कोशिश की।

### ईवीएम संग्रहण स्ट्रॉन्ग रूम कक्षों का निर्धारण

**बेधड़क, जयपुर।** विधानसभा चुनाव के तहत ईवीएम संग्रहण स्ट्रॉन्ग रूम का निर्धारण किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि सीकर रोड स्थित मतदान दल स्थल भवानी निकेतन में विधानसभा क्षेत्र चौमूं, आमेर, विद्याधर नगर, फुलेरा, किशनपोल, झोटवाड़ा एवं सिविल लाइंस के स्ट्रांग रूम कक्षों का निर्धारण किया गया है। वहीं जे. एलएनमार्ग स्थित मतदान दल रवानगी स्थल राजस्थान कॉलेज में विधानसभा क्षेत्र दूदू, सांगानेर, बगरू, आदर्श नगर, चाकसू, मालवीय नगर शामिल हैं। सड़वा मोड़, रामगढ़ रोड स्थित मतदान दल जामिया तुल हिदाया विश्वविद्यालय में कोटपुतली, जमवारामगढ़, शाहपुरा, हवामहल, विराटनगर, बस्सी विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम का निर्धारण किया गया है।

### विप्र सेना ने की सनातन बोर्ड के गठन की मांग



**बेधड़क, जयपुर।** विप्र सेना ने मंगलवार को पिंक सिटी प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर सनातन बोर्ड का गठन करने की मांग की है। विप्र सेना ने समाज से जुड़े अहम मुद्दों को पार्टियां अपने घोषणा पत्र में स्थान दें। विप्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सर्वेश जोशी ने कहा कि 19 मार्च को विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित की गई ब्राह्मण महापंचायत में कई ऐसे ज्वलंत मुद्दे उठे थे जो कि ब्राह्मण समाज से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि विप्र सेना की मांग है कि अब इन मुद्दों को राजनीतिक दल अपनी घोषणा पत्र में स्थान दें।

---

**अभिषेक चौधरी को झोटवाड़ा से उम्मीदवार बनाने पर कालवाड़ ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों में नाराजगी**

# टिकट वितरण से नाराज कांग्रेस नेताओं ने भाजपा जॉइन की

**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने अपने-अपने उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं। वहीं टिकट से वंचित रहे नेतओं की नाराजगी पार्टियों के लिए पेरशानी का करण बन गई है। कई नेता अपनी पुरानी पार्टी छोड़कर नए दलों की ओर रुख कर रहे हैं।

इस बीच मंगलवार को कई कांग्रेस नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से कई कांग्रेसी नेता और जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मीडिया सेंटर पर झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कालवाड़ सरपंच त्रिवेंद्र सिंह राजावत और मंडा भोपावास से सरपंच महेंद्र यादव सहित 24 लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और झोटवाड़ा विधानसभा प्रत्याशी कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सभी लोगों को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। भाजपा में आए कांग्रेसी नेता अभिषेक चौधरी को झोटवाड़ा विधानसभा से टिकट दिए जाने से नाराज थे। इनका कहना था कि विधानसभा क्षेत्र से पार्टी किसी भी स्थानीय कार्यकर्ता को टिकट दे देती, लेकिन बाहरी को उम्मीदवार बनाना गलत है। अभिषेक अभी एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष हैं, कांग्रेस ने नामांकन करने के आखिरी दिन से पहले इन्हें अपना प्रत्याशी बनाया।

## ■ राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने ग्रहण कराई सदस्यता




### युवा पीढ़ी को मोदी की लीडरशीप पर भरोसा: राठौड़

इस अवसर झोटवाड़ा विधानसभा प्रत्याशी कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि मेरे नामांकन वाले दिन कांग्रेस में प्रदेश सचिव रहीं अनीता शर्मा ने 100 कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जॉइन की। तब अनीता शर्मा ने मुझसे कहा कि जब मैं कांग्रेस में थी तब मेरे बच्चे लगातार बोल रहे थे कि हम जिस भाजपा पार्टी के लीडर को आइकॉन मानते हैं। आप उसके खिलाफ कांग्रेस में क्या कर रही हैं। तब मुझे अपने बच्चों के सामने हथियार डालने पड़े। युवा पीढ़ी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लीडरशिप पर पूरा भरोसा है। आगामी 25 नवंबर को प्रदेश में दशहरा मनेगा और अहंकार के ऊपर ईवीएम की चोट होगी और इसके बाद 3 दिसंबर को वापिस प्रदेश में दिवाली मनाई जाएगी क्योंकि प्रदेश में रामराज्य आएगा।

**ये नेता हुए BJP में शामिल**

कालवाड़ सरपंच त्रिवेंद्र सिंह ने सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा कि विश्व में भारत का डंका बजाने वाले विकास की अग्रणी सोच से प्रभावित होकर हम सभी अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। कांग्रेस डूबती हुई नाव है। युवा पीढ़ी को सही दिशा और नेतृत्व देने का काम मोदी सरकार कर रही है। इस दौरान कालवाड़ कांग्रेस कमेटी के मण्डल अध्यक्ष आनंद सिंह खेड़ी, कांग्रेस कमेटी के मण्डल उपाध्यक्ष दौलत सिंह पलाड़ा, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जादौन सहित अनेक नेता भाजपा में शामिल हुए।

---

**निर्वाचन आयोग ने अंतिम मतदाता सूची जारी की**

# पांच करोड़ से अधिक मतदाता चुनेंगे राजस्थान की सरकार

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव में पांच करोड़ मतदाता सरकार का चुनेंगे। पिछले पांच वर्षों में राजसथान में 51 लाख 42 हजार मतदाता बढ़े हैं, जिसके बाद अब प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 29 लाख 31 हजार 152 हो गई है।


विधानसभा चुनाव 2023 में 2 लाख 88 हजार 37 नए मतदाता जोड़े गए हैं, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को एकीकृत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए प्रदेश में कुल 5 करोड़ 29 लाख 31 हजार 152 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 2 करोड़ 74 लाख 74 हजार 849 पुरुष और 2 करोड़ 53 लाख 13 हजार 458 महिला मतदाता शामिल हैं। 624 मतदाता थर्ड जेंडर हैं। वहीं, 18-19 साल के 22 लाख 71 हजार 647 वोटर इस चुनाव में पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 2 लाख 88 हजार 37 नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। एकीकृत मतदाता सूची में मतदाता और जनसंख्या अनुपात 652 है। एक हजार पुरुषों पर 921 महिला मतदाता पंजीकृत हैं। बता दें कि 2018 में प्रदेश में 4 करोड़ 77 लाख 89 हजार मतदाता थे। इनमें 2 करोड़ 49 लाख 61 हजार पुरुष और 2 करोड़ 28 लाख 27 हजार महिला मतदाता थे। पांच साल में प्रदेश में करीब 51 लाख 42 हजार मतदाता बढ़े हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रदेश में सबसे ज्यादा मतदाता झोटवाड़ा विधानभा क्षेत्र में 4,28,067 में है और सबसे कम मतदाता किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 1,92,641 हैं।

## झोटवाड़ा में सबसे ज्यादा, किशनपोल में सबसे कम मतदाता

■ राजस्थान में 25 नवम्बर को चुनाव

■ 22,71,647 युवा निभाएंगे जिम्मेदारी

■ 2,88,037 लोग पहली बार करेंगे मतदान




**सबसे अधिक मतदाता**

- झोटवाड़ा -4,28,067
- बगरू - 3,52,418
- सांगानेर-3,50,032
- विद्याधरनगर-3,41,649
- लूणी -3,34,621,
- बाली-3,32,730,
- सांचोर- 3,15,259

**सबसे कम वोटर**

- किशनपोल -1,92,641
- जोधपुर-1,99,577,
- बसेड़ी-2,02,944,
- अजमेर उत्तर- 2,09,560,
- सांगोद-2,09,869

**मतदान केंद्र की संख्या बढ़कर हुई 52 हजार 139**

प्रदेश में कुल 52 हजार 139 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे, इनमें 383 सहायक मतदान केंद्र हैं। बैलट पेपर लगाकर ईवीएम को सील करने की कार्रवाई 15 से 20 नवंबर तक की जाएगी, इस दौरान सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रहेगी।

### झोटवाड़ा में 2,05,673 महिला मतदाता

सबसे अधिक 2,05,673 महिला मतदाता झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में, बगरू में 1,67,686, सांगानेर में 1,66,920, विद्याधर नगर में 1,63,951, बाली में 1,59,369, लूणी में 1,58,950 महिला मतदाता पंजीकृत हैं। सबसे कम 91,896 महिला मतदाता किशनपोल में, 92,513 बसेड़ी में, 98,830 जोधपुर में, 99,039 राजाखेड़ा में, 1,00,862 महिला मतदाता पीपल्दा में पंजीकृत हैं।

### 1 लाख 42 हजार से अधिक सर्विस वोटर्स

सर्विस वोटर्स की संख्या 1 लाख 42 हजार 221 है, इनमें 4852 महिला सर्विस वोटर्स हैं। सबसे अधिक 8101 सर्विस वोटर्स सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र, 4774 बहरोड़ में, 4759 खेतड़ी में और 3861 मुण्डावर विधानसभा क्षेत्र में पंजीकृत हैं। सबसे कम 3 सर्विस वोटर्स कुशलगढ़ में, धरियावद में 8, बागीडोरा में 12 और 13 झाडोल विधानभा क्षेत्र में पंजीकृत हैं।

**दिग्गजों के नामांकन रद्द, धरे रह गए अरमां**

नामांकन पत्रों की जांच में कई दिग्गजों के नामांकन रद्द हो गए। इसमें सिंबल नहीं होने के बावजूद सांचौर से दानाराम चौधरी की ओर से भाजपा एवं रमेश बिश्नोई की ओर से आप पार्टी के नाम से भरा गया नामांकन खारिज कर दिया गया। केकड़ी से निर्दलीय बाबूलाल सिंगारिया का नामांकन पत्र न्यायालय की ओर से सजा सुनाए जाने के कारण खारिज कर दिया गया। वहीं मंत्री शांति धारीवाल के पुत्र अमित धारीवाल को उनके पिता शांति धारीवाल को सिंबल दिए जाने के कारण नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया। इसी प्रकार कोटा दक्षिण से आप के प्रत्याशी नंदकिशोर, विद्याधर नगर से बसपा प्रत्याशी ज्योति दिवाकर, फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत कर संपत्ति के बारे में गलत सूचनाएं देने से नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया। नामांकन पत्रों की जांच में 3037 नामांकन विधिमान्य पाए गए। 396 नामांकन जांच के दौरान खारिज कर दिए। 3 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिए।

---

**सनातन अधिवक्ता मंच ने लगाया आरोप**

# अमीन कागजी व रफीक खान का हिंदू महिलाओं से विवाह गैर कानूनी





**बेधड़क | जयपुर**

सनातन अधिवक्ता मंच ने कांग्रेस विधायक अमीन कागजी और रफीक खान द्वारा सनातन समाज की लड़की से विवाह करने को अनैतिक और दबाव में विवाह करने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि दोनों हिन्दू महिलाओं को सामने आना चाहिए और उनका शोषण हुआ है तो मंच उन्हें न्याय दिलाएगा।

मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए किशनपोल से कांग्रेस पार्टी के विधायक अमीन कागजी ने शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें उल्लेख है कि उन्होंने मोनिका शर्मा से दूसरा निकाह किया है। जिसकी प्रति निर्वाचन विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। वहीं आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के वर्तमान विधायक रफीक खान ने भी निर्वाचन विभाग में जो शपथ पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें उनकी पत्नी का नाम मन्जू देवी बताया है। उन्होंने बताया कि 2018 के चुनावों में अमीन कागजी ने एक ही विवाह के बारे में बताया था, जबकि पांच साल बाद उन्होंने अब अपने दूसरे विवाह का खुलासा किया है।

इस समय उनकी उम्र करीब 53 साल बताई है। ऐसे में मंच उनसे सवाल पूछता है कि निकाह के समय निकाह करने वाले पुरुष-स्त्री की आयु कितनी थी। निकाह के समय दोनों की आयु में कितना अन्तर था। उन्होंने बताया कि जानकारी में आया है कि जिस लड़की से कागजी ने विवाह किया, वो उनके उनके कार्यालय में कर्मचारी थी। ऐसे में ये लव जिहाद भी हो सकता है। लड़कियों से माता-पिता से भी अनुमति नहीं ली गई है। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि इस संबंध में कोई मामला दर्ज हो तो उसकी जांच कराई जाए और मामले का खुलासा किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दोनों विवाह गैर कानूनी है।

## चार ASP के किए तबादले

**बेधड़क, जयपुर।** राज्य सरकार ने निर्वाचन आयोग की अनुमति के बाद चार आरपीएस के तबादले किए हैं। इनमें नेम सिंह को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बहरोड़, सतीश कुमार यादव को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कामां, हिम्मत सिंह को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय और दिनेश कुमार यादव को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एचसीआईएमयू अजमेर में लगाया है।

## स्ट्रॉन्ग रूम्स का निरीक्षण

**बेधड़क, जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के सफल आयोजन लिए पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। जयपुर जिले के फुलेरा, दूदू, सांगानेर, बगरू एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी गौरव शर्मा को नियुक्त किया गया है। गौरव शर्मा ने मंगलवार को स्ट्रॉन्ग रूम्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्ट्रॉन्ग रूम्स में जारी जीर्णोद्धार कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। शर्मा ने बताया कि स्ट्रॉन्ग रूम्स में विधानसभा चुनाव के दौरान ईवीएम मशीन सुरक्षित एवं संरक्षित की जाएगी अतः स्ट्रॉन्ग रूम्स की मरम्मत कार्य जल्द पूरे किए जाने की जरूरत है।

---

**विधानसभा चुनाव-2023**

# हनुमान बेनीवाल से नाराज स्पर्धा चौधरी ने छोड़ा रालोपा का साथ

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के नामांकन दाखिल हो चुके हैं। पॉलिटिकल पार्टियों अपनी जीत हार की जुगत में जुटी हुई हैं। इसी बीच मंगलवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

पार्टी के महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष स्पर्धा चौधरी ने आरएलपी से इस्तीफा दे दिया है। विधानसभा चुनाव में अब तक का सबसे बड़ा दांव लगा रहे हनुमान बेनीवाल के लिए स्पर्धा का पार्टी छोड़ना छोटी बात नहीं है। पिछले कई दिनों से पार्टी के लिए माहौल बनाने, अन्य दलों से गठबंधन और फिर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा में व्यस्त बेनीवाल का साथ छोड़ते हुए स्पर्धा चौधरी ने एक बड़ा सवाल भी छोड़ा है। स्पर्धा चौधरी ने सोशल मीडिया पर पार्टी छोड़ने की बात सार्वजनिक रूप से की है। साथ ही उन्होंने इसका कारण हनुमान बेनीवाल से पूछने को कहा है। स्पर्धा की इस ट्वीट से सस्पेंस खड़ा हो गया है।



### ED की कार्रवाई में हनुमान का नहीं मिला साथ

फुलेरा से राजनीति में सक्रिय रही स्पर्धा का नाम हाल में पेपर लीक मामले में भी आया था। उस समय हनुमान बेनीबाल ने स्पर्धा पर हुई कार्रवाई को लेकर न कोई बयानबाजी की, जब ईडी को स्पर्धा चौधरी के घर पर कोई ठोस कोगज नहीं मिले तो भी बेनीवाल की पार्टी ने चौधरी के समर्थन में कोई कार्यक्रम नहीं किया। माना जा रहा है कि स्पर्धा इस बात से खफा चल रही थीं। हालांकि पार्टी छोड़ने के कारणों को उन्होंने सार्वजनिक नहीं किया।

## झोटवाड़ा में अभिषेक को मिला कटारिया का समर्थन

झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक चौधरी को पेराशूट उम्मीदवार बताया जा रहा है। कांग्रेस के कार्यकर्ता अभिषेक चौधरी को टिकट दिए जाने से नाराज नजर आ रहे हैं। इस बीच मंगलवार को मंत्री और स्थानीय विधायक लालचंद कटारिया ने अभिषेक चौधरी को समर्थन दिया है। कटारिया के समर्थन मिलने को अभिषेक चौधरी को चुनाव में मजबूत माना जा रहा है। मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र में हुई बैठक में लालचंद कटारिया ने स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारियों से अभिषेक चौधरी को जिताने की अपील की। उन्होंने न केवल अभिषेक को अपना समर्थन दिया बल्कि विधानसभा की ब्लॉक इकाई समेत समस्त कमेटियों को बुलाकर पूर्ण समर्थन देने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि अभिषेक हाईकमान के आदेश पर झोटवाड़ा से चुनाव लड़ रहे हैं। हम सबको कांग्रेस सरकार रिपीट करनी है। अभिषेक चौधरी को प्रत्याशी मान उन्हें जिताने के लिए एकजुट हो कर लड़ना है।



## जरूरी खबर

### सोलह बीघा भूमि से अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-10 के ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी की करीब 16 बीघा कृषि भूमि पर बन रही दो अवैध कॉलोनियों ध्वस्त किया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-10 के ईकोलोजिकल जोन में जेएनयू हॉस्पिटल के पास करीब चार बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के और बिना भू-रूपान्तरण कराएं भूमि को समतल कर ऑफिसर्स कैम्पस के नाम से बनाई जा रही अवैध कॉलोनी को जोन-10 के राजस्व और तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही जोन-10 के ही ईकोलोजिकल जोन में बाबा बालकनाथ आश्रम के पास करीब 12 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के और बिना भू-रूपान्तरण कराए बन रही अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त कर दिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को पकड़ा



**जयपुर।** कानोता थाना पुलिस ने एक सात वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बिहार निवासी मोहम्मद नौशाद ने बच्ची को कुरकुरे दिलाने के बहाने सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया था। नाबालिग अपने मकान के पास बच्चों के साथ खेल रही थी, इस दौरान आरोपी उसे जंगल की ओर ले गया। इस दौरान वहां मौजूद बच्चों ने बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके परिजनों को बुला लिया था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

राजधानी में रात के तापमान में आई गिरावट, दिन में छाए रहेंगे बादल

# दो दिन में फिर बदलेगा मौसम, पश्चिम में बारिश से बढ़ेगी सर्दी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में एक बार फिर से मौसम का नया चक्र बन रहा है। इसके कारण जहां दिन में हल्की गर्माहट महसूस हो रही है, वहीं रात को गुलाबी ठंडक का अहसास हुआ।

आगामी दो से तीन दिन में फिर से मौसम बदलेगा। पश्चिमी जिलों में बारिश के आसार बन रहे हैं। इसके चलते तापमान में भी गिरावट हो सकती है। राजधानी जयपुर में भी बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और हल्की बारिश हो सकती है। विक्षोभ के कारण मंगलवार रात तक शहर में दो डिग्री तापमान में गिरावट आ गई है।



### दिवाली बाद मिलेगी प्रदूषण से राहत

उन्होंने कहा कि पिछले सात दिन से प्रदेश में पश्चिमी हवाएं चलने से नमी बनी हुई थी। वहीं, कई शहर धुंध के आगोश में लिपटे हुए थे। ऐसे में दिवाली के बाद से उत्तरी इलाकों में विक्षोभ के कारण हवाएं चलने की संभावना है। ऐसे में जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उतराखंड़ के कई इलाकों में बारिश देखने को मिल सकती है। प्रदेश में फिर से ठंड बढ़ने लगेगी और धीरे-धीरे पारा गिरने लगेगा। इससे आमजन को प्रदूषण से राहत मिलने लगेगी।

### पश्चिम में गंगानगर तो पूर्व में करौली में न्यूनतम तापमान

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान औसत से 2-4 डिग्री सेल्सियस ऊपर और अधिकतम तापमान 1-2 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज किए गए हैं। मंगलवार को पश्चिमी राजस्थान में सबसे कम न्यूनतम तापमान गंगानगर में 16.8 डिग्री और पूर्वी राजस्थान के करौली में 16.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, आगामी दो दिनों में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के कुछ भागों में आंशिक बादल छाए रहने के आसार हैं, वहीं बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू व आसपास के क्षेत्रों में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। शेष ज्यादातर स्थानों पर मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह ने केंद्र को आड़े हाथों लिया

# भाजपा के पास CM नहीं, CBI ED और IT का चेहरा: रंधावा

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस नेता और राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगर वे चुनाव जीतने को लेकर इतने आश्वस्त होते तो हर दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को क्यों भेज देते। भाजपा के पास मुख्यमंत्री पद का कोई चेहरा नहीं है, उनके पास ईडी, इंकम टैक्स और सीबीआई का चेहरा है। अगर लड़ाई लड़नी है तो मैदान में नेताओं को आंख में आंख मिलाकर बात करनी चाहिए। यह नहीं कि चोर दरवाजे से सीबीआई, ईडी आए।

उन्होंने आगे कहा कि राजस्थान वीरों की धरती है वे इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। रंधावा मंगलवार को मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। रंधावा ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में जीतकर एक बार फिर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है। वहीं ईआरसीपी पर गहलोत ने गजेंद्र सिंह शेखावत पर निशाना साधते हुए कहा कि गजेंद्र सिंह ईआरसीपी तो लागू नहीं कर पाए, केंद्र सरकार के द्वारा मध्यप्रदेश को भड़काया।



### हमारे पास प्रदेश को नंबर वन बनाने की 'गारंटी' : गहलोत

सीएम गहलोत ने कहा कि अमित शाह को राजस्थान के मुद्दों की जानकारी नहीं है, वे नॉन ईशु को मुद्दा बनाकर राजनीति कर रहे हैं। भाजपा के पास ईडी है, हमारे पास गारंटी है राजस्थान को नम्बर 1 बनाने की। हमने 7 गारंटी देने का फैसला किया है। जल्द ही कांग्रेस अपना मेनिफेस्टो भी जारी करेगी। प्रेसवार्ता में सीएम अशोक गहलोत ने राज्य सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि आज कांग्रेस के पक्ष में माहौल, कोरोना के अंदर प्रदेश में सबसे अच्छा काम हुआ। भीलवाड़ा मॉडल की पूरे विश्व में तारीफ हुई, हमने राइट टू हेल्थ कानून बना दिया। किसानों के लिए अलग से कानून बनाया, हमारी गारंटी यात्रा सभी संभागों में जाएगी, इसके लिए हम गांरटी कैंप भी लगाएंगे। हम जनता को हमारे 5 साल के काम के बारे में बताएंगे, भाजपा के लोग यहां आकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं, उनसे आज तक इआरसीपी पर तो काम नहीं हुआ।

### राजस्थान में हवा कांग्रेस के हक में

सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा- पंजाब से लोग नाम कटवाकर राजस्थान में जुड़वा रहे, राजस्थान सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे, भाजपा के द्वारा माइनॉरिटी के प्रत्याशी को नहीं उतारने पर कहा- यह हम नहीं देश देख रहा है। देश में हालात चिंताजनक है लोकतंत्र की हत्या कर दी। कांग्रेस ने जो कहा, वो किया है। पहली बार किसी राज्य में 95% वादे पूरे किए। राजस्थान में चुनाव भाजपा नहीं लड़ रही है, हमारे सामने ईडी-सीबीआई है। भाजपा की एक भी सरकार ने ओपीएस लागू नहीं किया।

### PC में कांग्रेस ने हर मुद्दों पर दिया जवाब

विधानसभा चुनाव को लेकर पीसीसी वॉर रुम में मंगलवार देर शाम को कांग्रेस द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा मौजूद रहे। इस प्रेस वार्ता में ईआरसीपी, कांग्रेस की 7 गांरटी योजना, ईडी के सहित तमाम मुद्दों पर वार्ता की गई।

अधिकारियों को दिए निर्देश

# वैट एमनेस्टी योजना के प्रकरणों का होगा तेजी से निपटारा



**बेधड़क** | जयपुर

राज्य विधानसभा चुनावों में व्यस्तता के बावजूद सरकारी खजाने में वाणिज्यिक कर विभाग के योगदान में कमी आने वाली नहीं है। झालाना स्थित एक्सीलेंस सेंटर में मंगलवार को विभागीय अधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए राज्य के वाणिज्यिक कर आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने कहा कि अधिकारी चुनाव ड्यूटी के बावजूद राजस्व संग्रहण में कोई कौताही नहीं बरते।

उन्होंने वैट एमनेस्टी योजना 2023 के प्रकरणों का तेजी से निपटारा करने के निर्देश देते हुए विभाग की ओर से किए गए सर्वे की वर्तमान स्थिति और करदाताओं को जारी कारण बताओ नोटिस पर अब तक हुई कार्रवाई की पूरी जानकारी मुख्यालय को 15 नवंबर तक उपलब्ध कराने को कहा। मुख्य आयुक्त ने विभाग के अजमेर, कोटा, श्री गंगानगर और बीकानेर संभागों में हुई ट्रांस्पोर्ट जांच को प्रेरणास्पद बताते हुए कहा कि अन्य सभी जोन भी ई-वे बिल सत्यापन पर अपना ध्यान फोकस करें। उन्होंने कहा कि बोगस करदाताओं के सत्यापन की कार्रवाई को सजगता से पूरा किया जाए, जिससे इनके माध्यम से होने वाली राजस्व छीजत को नियंत्रित किया जा सके। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त केके सिंह, उत्साह चौधरी, ऋषभ मंडल के अलावा सभी उपायुक्त व प्रमुख विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

मांगें नहीं मानी तो कल से फिर प्रदर्शन

# रोडवेजकर्मियों ने रैली निकाली

**बेधड़क** | जयपुर




राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे के आह्वान पर वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को रोडवेज कर्मचारियों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सितंबर-अक्टूबर का वेतन, पेंशन, तीन माह के सेवानिवृति परिलाभ एवं वित्तीय वर्ष22-23 के बोनस/एक्सग्रेसिया के बकाया भुगतान की मांग की। संयुक्त मोर्चे के प्रदेश संयोजक एमएल यादव ने कहा कि 8 नवंबर तक बकाया भुगतान नहीं हुआ तो 9 नवंबर को एक घंटे कार्य बहिष्कार किया जाएगा। रैली को राज. स्टेट रोडवेज एम्पलॉइज यूनियन (ए.) के उप महासचिव धर्मेंद्र चौधरी, राज. रोडवेज वर्कर्स यूनियन (सीटू) के अध्यक्ष सतबीर चौधरी, राज. रोडवेज मजदूर कांग्रेस (इं.) संयोजक आलोक दुबे, आरएसआरटीसी रिटायर्ड एम्पलॉइज ऐसो. के महा सचिव हरगोविंद शर्मा एवं राज. रोडवेज सेवा. कर्मचारी कल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद पिल्लई ने संबोधित किया।

चुनाव चर्चा कार्यक्रम में महिला उद्यमियों ने बताई नई सरकार से अपेक्षाएं

# महिलाओं के लिए अलग औद्योगिक क्षेत्र हो

**बेधड़क** | जयपुर



फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री-फोर्टी की महिला विंग ना केवल राज्य के आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सजग हैं, बल्कि अगली सरकार से महिला उद्यमियों से अनेक उम्मीदें भी लगाए हैं।

फोर्टी की महिला विंग की ओर से मंगलवार को आयोजित दीपावली उत्सव व चुनाव चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विंग की अध्यक्ष डॉ. सुनीता शर्मा ने कहा कि सभी ओर महिला सशक्तिकरण की बातें की जा रही हैं, लेकिन महिला सशक्तिकरण एक रात का सफर नहीं है। इसके लिए अनेक स्तर पर निरंतर प्रयास किया जाना जरूरी है। डॉ. शर्मा ने कहा कि महिला उद्यमियों को आगामी राज्य सरकार से महिला सशक्तिकरण के साथ विशेष प्रोत्साहन की भी उम्मीद है। इसके लिए फोर्टी महिला विंग की ओर से एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार कर अगली सरकार को पेश किया जाएगा। उन्होंने महिला उद्यमियों के लिए अलग से औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की भी बात कही। कार्यक्रम में फोर्टी महिला विंग से जुड़ी नई महिला सदस्यों का भी परिचय हुआ और उनकी विशेषज्ञताओं व अपेक्षाओं पर भी चर्चा हुई। फोर्टी महिला विंग की महासचिव ललिता कुच्छल ने कहा कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा, चिकित्सा के साथ आत्मरक्षा को भी शिक्षा का हिस्सा बनाएं। फोर्टी के संरक्षक सूरजाराम मील और अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अंत में महिला विंग की सदस्यों ने आगामी विधानसभा चुनावों में अनिवार्य मतदान की शपथ ली।

आज व कल नाम वापसी का दिन

# 254 उम्मीदवारों के नामांकन फॉर्म जांच में सही पाए, 35 पर्चे किए निरस्त

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के तहत मंगलवार को फॉर्मों की जांच की गई। जयपुर जिले की 19 सीटों के फॉर्मों की जांच में 35 उम्मीदवारों के नामांकन फॉर्म निरस्त किए गए। इसके बाद सभी 19 सीटों पर 254 उम्मीदवार रह गए। ये उम्मीदवार 9 नवंबर तक नाम वापस ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 7 दिन चली इस नामांकन प्रक्रिया में जयपुर में 289 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा था। इन आवेदन पत्रों की जांच में 35 आवेदन पत्रों में खामियां मिलीं। इसके बाद उन्हें खारिज कर दिया। सबसे ज्यादा आवेदन पत्र आदर्श नगर से खारिज किए गए।




यहां 9 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र गलत मिले हैं। फॉर्मों की जांच के बाद पार्टी प्रत्याशी अपने बागियों को मनाने की कोशिश में लग गए हैं। ये प्रत्याशी अपने चुनावी गणित सुधारने के लिए बागियों व निर्दलियों को बैठाने के प्रयास में लग गए हैं, क्योंकि अब 2 दिन फॉर्म वापस लेने की तारीख है।

### एसएमएस के डॉक्टर का फॉर्म खारिज

फॉर्मों की जांच में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सीनियर प्रोफेसर और मधुमेह (शुगर) रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश केसवानी का भी नामांकन पत्र खारिज हो गया है। डॉक्टर केसवानी एसएमएस हॉस्पिटल में सीनियर डायबेटोलॉजिस्ट हैं। बताया गया कि सरकार से एनओसी नहीं मिलने और प्रस्तावक पूरे नहीं होने के कारण उनका फॉर्म खारिज कर दिया गया। केसवानी आदर्श नगर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर किस्मत आजमा रहे थे।

### सबसे ज्यादा प्रत्याशी आदर्श नगर में

फॉर्मों की स्क्रूटनी के बाद अब जयपुर में तस्वीर बदल गई है। आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 31 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा था। अब जांच के बाद 9 उम्मीदवारों के नामांकन खारिज होने के बाद 22 उम्मीदरवार बचे हैं। वहीं, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में कुल 26 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा था। 6 उम्मीदवारों के नामांकन खारिज होने के बाद 20 उम्मीदवार बच गए। बता दें कि अब आदर्श नगर विधानसभा में सर्वाधिक उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।

### इन विधानसभा क्षेत्रों में कोई नामांकन खारिज नहीं

**फॉर्मों की जांच प्रक्रिया में झोटवाड़ा, बगरू, मालवीय नगर, दूदू और कोटपूतली विधानसभा में एक भी उम्मीदवार का नामांकन पत्र खारिज नहीं हुआ। सबसे कम उम्मीदवार दूदू विधानसभा में 4 हैं। यहां उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला देखा जा सकेगा।**

### ऐसे होते गए फॉर्म खारिज

विद्याधर नगर से 5 प्रत्याशियों के तथा किशनपोल विधानसभा से 2 प्रत्याशियों के फॉर्म रिजेक्ट हुए। हवामहल विधानसभा क्षेत्र से एक नामांकन फॉर्म खारिज हुआ। सिविल लाइंस विधानसभा से 2 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज हुए। आदर्श नगर विधानसभा से 9 फॉर्म हुए खारिज हुए। विद्याधर नगर से बीएसपी पार्टी की प्रत्याशी ज्योति दिवाकर का नामांकन पत्र खारिज हुआ। हवामहल से निर्दलीय प्रकाश सिंह का नामांकन खारिज हुआ। सिविल लाइन से आम आदमी पार्टी के डमी कैंडिडेट का फॉर्म खारिज किया गया।

## जरूरी खबर

### दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन, सीकर से होकर गुजरेगी



**सीकर।** त्योहारी सीजन में रेलवे ने अतिरिक्त यात्रीभार को देखते हुए दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। दोनों ही ट्रेन सीकर के रास्ते होकर गुजरेगी। ऐसे में सीकर के हजारों रेलयात्रियों को इसका फायदा मिलेगा। उत्तर-पश्चिम रेलवे ने बीकानेर बांद्रा टर्मिनस और बीकानेर साईनगर शिर्डी स्पेशल रेल सेवा का संचालन किया है। ट्रेन संख्या 04711 स्पेशल ट्रेन 15 नवंबर से हर बुधवार बीकानेर से दोपहर 1:25 पर रवाना होगी जो श्रीडूंगरगढ़, राजलदेसर, रतनगढ़, चुरु, फतेहपुर शेखावाटी, लक्ष्मणगढ़ होते हुए शाम 6:07 पर सीकर स्टेशन पहुंचेगी।

### बिना लाइसेंस लाए गए 15 लाख के पटाखे जब्त

**जैसलमेर।** जिले की कोतवाली पुलिस ने बिना लाइसेंस के बिकने के लिए जा रहे करीब 15 लाख रुपए के पटाखे जब्त किए। शहर कोतवाल सत्यप्रकाश विश्नोई ने बताया कि गश्त के दौरान गफूर भट्टा कच्ची बस्ती इलाके में एक पिकअप गाड़ी को चेक किया तो उसमें करीब 43 कर्टन बिना लाइसेंस के पटाखे भरे मिले। पटाखे लेकर जा रहे अमित चांडक के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। शहर कोतवाल सत्यप्रकाश विश्नोई ने बताया कि पटाखों को सीज करके थाने में रखवाया है। बिना लाइसेंस के पटाखे बेचनी जा रहे व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर परिवहन के लिए इस्तेमाल की गई गाड़ी को भी जब्त किया गया।

### पांच हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार



**अजमेर।** जिला एसीबी टीम ने मंगलवार को पीसांगन पटवारी को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने नामांतरण खोलने की एवज में रिश्वत मांगी थी। अब पटवारी के आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी ले रही है। एडिशन एसपी ने बताया कि रिपोर्ट पर मंगलवार को पीसांगन निवासी पटवारी हमीदुरहमान कुरैशी को शिकायतकर्ता से 5 हजार की रिश्वत राशि लेते रहेंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। एसीबी टीम पटवारी से पूछताछ कर रही है। एसीबी ने पटवारी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

**शुद्ध के लिए युद्ध अभियान:** खाद्य सुरक्षा टीम ने तीन जगहों पर बसें रुकवाकर की कार्रवाई

# 1300 किलो मिलावटी मावा, 375 किलो घी व रसगुल्ला जब्त

**बेधड़क | भीलवाड़ा**

त्योहारी सीजन में मिलावटी खाद्य पदार्थों को बाजार में खपाने में मिलावटखोर जुटे हुए हैं, वहीं शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा की टीम भी लगातार प्रदेश में मिलावटखोरों पर कार्रवाई कर रही है।

टीमों की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत टीम ने मंगलवार सुबह एक दर्जन से ज्यादा ट्रेवल्स बसों की तलाशी लेते हुए तीन बसों से बड़ी से बड़ी मात्रा में फीका व मीठा मावा, मिल्क केक, रसगुल्ला व देसी घी को मिलावट के संदेह में



सीज किया है। इस मिलावटी माल को भीलवाड़ा सहित अजमेर व चित्तौड़गढ़ जिले में सप्लाई करना था। खाद्य सुरक्षा व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भीलवाड़ा के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन कर भीलवाड़ा जिले में अन्य प्रदेश से आने वाली एक दर्जन से ज्यादा ट्रेवल्स बसों की चेकिंग की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह ने मध्य प्रदेश के इंदौर से आई एक वीडियो कोच बस को रुकवा कर तलाशी ली तो उसमें 375 किलो देशी घी मिला। इसे मिलावट का संदेश होने पर सीज किया गया।

वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष शर्मा ने बीकानेर से चित्तौड़गढ़ ले जाया जा रहा 400 किलो मिल्क केके, 300 किलो मावा व 100 किलो रसगुल्ले सीज किया है।

तीसरी टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचंद शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए गुजरात के अहमदाबाद से आई एक अन्य बस की तलाशी में 600 किलो मिल्क केक सीज किया। इसकी सप्लाई भीलवाड़ा में की जानी थी ।

## टीम ने 540 किलो मावा और रसगुल्ले किए सीज

**पाली।** जिले में मंगलवार सुबह खाद्य सुरक्षा टीम की ओर से सुरजपोल चौराहे पर 540 किलो मावा और रसगुल्ले को जब्त किया गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनंद चौधरी ने मीडिया को बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। पूछताछ में पता चला कि ये मावा और रसगुल्ले पाली और सोजत में सप्लाई किए जाने थे। जहां ये सप्लाई किए जाने थे, पता चलने पर विभाग के



अधिकारियों ने उन्हें भी मौके पर बुलाया और उनसे पूछताछ की गई। अधिकारियों ने बताया कि अब इन सैंपल की रिपोर्ट आने पर इन खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर इसे नष्ट किया जाएगा और मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

**ओसियां में आयोजित नामांकन सभा में** बोलीं दिव्या मदेरणा

# जिस बेटी का पिता जेल में हो उसे शादी करना शोभा नहीं देता

**बेधड़क | जोधपुर**

ओसियां से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव मैदान में उतरी दिव्या मदेरणा अपने विरोधियों पर जमकर बरसीं। अपनी शादी को लेकर किए उठाए जा रहे सवालों को लेकर उन्होंने बेबाकी से अपनी बात कही। ओसियां में आयोजित नामांकन सभा में दिव्या से कहा कि सभाओं में मेरे लिए कहा गया शादी कर लो। हम खाना कर देंगे। कुछ लोग ताली बजाते। कई लोग मेरे ऊपर हंसते।

मैने सब कुछ सुना, लेकिन कभी जवाब नहीं दिया, लेकिन मै आज जवाब देने आई हूं। उन्होंने कहा कि अरे जरा आप सोच कर देखिए, आप जेल में हो। आपकी बेटी शादी मना रही है। जिस बेटी का पिता जेल में हो वह शादी कैसे कर सकती है। मेरे पिता, उनका दर्द और उसकी सेवा मेरा सबसे पहला कर्तव्य है।

दिव्या ने कहा- मेरे पिता दर्द के अंदर कैसे करवट बदलते होंगे, कैसे एक-एक दिन और रात कटती होगी। उस बेटी को बाहर शादी करना शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि विवाह मेरे भाग्य की लकीरों में नहीं लिखा है, क्योंकि मेरे भाग्य की लकीरों में सेंट्रल जेल लिखी थी।




इसलिए 10 साल मैंने वहा के फेरे किए हैं। क्योंकि वह मेरा कर्तव्य था। दिव्या ने विरोधियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा मुझे चुनौती देने वाले जरा अपने गिरेबान में झांककर देखें।

### शेरनी की तरह लड़ूंगी चुनाव

नामांकन सभा में दिव्या मदेरण ने कहा कि शेरनी की तरह चुनाव लड़ूंगी। राजनीति के किसान सूरमाओं की बेटी हूं। महिपाल मदेरणा की बेटी हूं। शेरों की बेटी शेरनियां ही होगी। शेर प्रतिकात्मक किस चीज का होता है। मूझे बड़ी हंसी आई जब उन्होंने कहा जंगल भेज दो। निम्न से निम्न स्तर का प्रहार किया। शेर-शेरनी का प्रतीकात्मक बहादुरी होता है। साहस, निडरता, शक्ति स्वरूप, गर्व, आत्मविश्वास यह शेर के प्रतिकात्मक है। हम अपने बच्चे को कहते हैं। क्यों रो रहा है, शेर सा बहादुर बन। थोड़ा सा कोई ज्यादा रौब करता है, जैसे मैं करती हूं। विधानसभा में तो कहते हैं, इतनी क्यों शेर हो रही है? दरअसल, ओसियां विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भैराराम चौधरी का एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में भैराराम किसी का नाम लिए बिना कह रहे थे कि शेरनी तो जंगल में रहती है। उसे जंगल में भेज दो। यहां क्या जरूरत है? उन्होंने कहा- मुझे समझ ही नहीं आता कि आज के इस आधुनिक युग में भी ऐसी मानसिकता हो सकती है। हमारे राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ में भी चार शेर हैं। मैं पूछना चाहती हूं कि अशोक स्तंभ के चार शेर जो साहस, शक्ति स्वरूप, गर्व और आत्मविश्वास के प्रतीक हैं। क्या उनके लिए भी ऐसी ही राय रखते हैं। उन्हें भी जंगल में भेजने का कहते हैं। जो हमारा राष्ट्रीय प्रतीक है।

### भंवरी हत्या मामले में जेल गए थे मदेरणा

दिव्या के पिता महिपाल मदेरणा का नाम राजस्थान के सबसे चर्चित भंवरी देवी मामले में था। जोधपुर के बोरुंदा की रहने वाली एएनम भंवरी देवी के 1 सितंबर 2011 को लापता होने की खबर आई थी। 20 सितंबर 2011 को भंवरी के पति अमरचंद ने तत्कालीन जलदाय मंत्री महिपाल मदेरणा के खिलाफ अपहरण और हत्या की साजिश रचने का मामला दर्ज कराया। दिसंबर 2011 को सीबीआई ने महिपाल मदेरणा को गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद से ही जेल में थे। मदेरणा 10 साल तक जेल में रहे थे। बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। 17 अक्टूबर 2021 को महिपाल मदेरणा की मौत हो गई थी।

---

**भाजपा प्रत्याशी पर** लगाए कई आरोप

# नामांकन रिजेक्ट हुआ तो निर्दलीय प्रत्याशी मोबाइल टावर पर चढ़ा


**बेधड़क | दौसा**

जिले की बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को एक रोचक नजारा देखने को मिला। दरअसल, बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी नीरज मीणा ने विधानसभा चुनाव लड़ रहे 4 प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया। इससे नाराज निर्दलीय प्रत्याशी विनोद सैनी शाम करीब 4 बजे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। इससे स्थानीय प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए।

निर्दलीय प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी भागचंद टांकडा पर गंभीर आरोप लगाते हुए आत्मदाह करने की चेतावनी दी। साथ ही एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।

वीडियो अब क्षेत्र में खूब वायरल हो रहा है। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरने वाले विनोद सैनी ने वायरल वीडियो में लोकतंत्र को खतरे में बताते हुए कहा कि अन्य प्रत्याशियों को पता चल गया था कि मैं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फॉर्म भर रहा हूं। इसके कारण भाजपा प्रत्याशी ने मुझे थाने में बंद करा दिया। मेरे घरवालों ने मुझे बड़ी मुश्किल पुलिस से छुड़वाया है। इन्होंने मेरा फॉर्म रिजेक्ट करवा दिया। इसके कारण मैं मरने जा रहा हूं। विनोद सैनी ने खुद की जीत का दावा करते हुए कहा कि मैं विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी का चुनाव लड़ रहा था और चुनाव जीत रहा था।

इसके चलते भाजपा प्रत्याशी भागचंद टांकडा ने मुझे पुलिस से गिरफ्तार करवा दिया।



### हेड कांस्टेबल ने की मारपीट

निर्दलीय प्रत्याशी सैनी ने भाजपा प्रत्याशी की शह पर मारपीट करने के पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के थाना कोलवा के एक हेड कांस्टेबल ने मेरे साथ बुरी तरीके से मारपीट की। मैं जब बेहोश हो गया, तब जाकर हेड कांस्टेबल ने मुझे छोड़ा। साथ ही रिटर्निंग अधिकारी पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि बांदीकुई एसडीएम भी मुझसे द्वेषता रखते हैं।

---

**मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल के** कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

# उपराष्ट्रपति धनखड़ आज आएंगे अजमेर

**बेधड़क | अजमेर**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को अजमेर पहुंचेंगे। इसे लेकर जिला पुलिस प्रशासन सहित सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। मंगलवार को जिला पुलिस प्रशासन की ओर से रिहर्सल का आयोजन किया गया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल के 35वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होंगे। मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल में 6 से 8 नवंबर तक तीन दिवसीय 35वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को वार्षिक पुरस्कार समारोह



में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उपराष्ट्रपति की यात्रा को लेकर जिला पुलिस प्रशासन सहित सुरक्षा एजेंसियों ने मंगलवार को रिहर्सल की। उपराष्ट्रपति धनखड़ अपनी पत्नी के साथ किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से उनका काफिला विभिन्न मार्गों से होते हुए मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल पहुंचेगा। उपराष्ट्रपति यहां छात्रों को सम्मानित करेंगे।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की यात्रा को लेकर सुरक्षा एजेंसियों के साथ जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। एसपीजी के द्वारा स्कूल को पिछले कुछ दिनों से सुरक्षा घेरे में लिया हुआ है।

तीनों प्रवेश द्वारों पर जांच पड़ताल के बाद ही भीतर प्रवेश दिया जा रहा है। एसपीजी ने स्कूल के कुल 300 स्टाफ कर्मियों की क्यूआर कोडिंग की है।

---

**प्रतापनगर थाना क्षेत्र में** पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# स्कूटी की डिकी से 25 लाख रुपए जब्त

**बेधड़क | भीलवाड़ा**

विधानसभा चुनाव के चलते प्रदेश में आचार संहिता लागू है। इस दौरान अवैध तरीके से हो रहे रुपए के लेन-देन और मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए राजस्थान पुलिस ने पूरे जिलों में नाकाबंदी के दौरान चैकिंग अभियान चलाया हुआ है।

पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान स्कूटी की डिकी में रखे बैग से 25 लाख रुपए बरामद कर एक युवक को हिरासत में लिया है। वहीं, इस घटना की सूचना आयकर विभाग के अधिकारियों को दी है।



पुलिस पकड़े गए युवक से रुपयों को लेकर पूछताछ कर रही है कि यहा रुपए कहां से लेकर आया और कहां लेकर जा रहा था। प्रताप नगर थानाधिकारी महावीर प्रसाद ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिले में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एसपी श्याम सिंह के निर्देश पर प्रतापनगर थाना क्षेत्र के विशाल मेगा मार्ट के पास एसटीएफ और पुलिस की चेक पोस्ट स्थापित कर रखी है, जहां मुखबिर की सूचना पर स्कूटी सवार युवक की तलाशी ली गई। इस दौरान पुलिस को एक स्कूटी की डिकी में 25 लाख रुपए की नकदी मिली। पूरे मामले की वीडियो ग्राफी करवाते हुए युवक से पूछताछ की गई। युवक की ओर से संतोषपूर्ण जवाब नहीं देने के कारण स्कूटी व पैसे को जब्त करते हुए युवक को हिरासत में लिया गया है।

### 500-500 के नोट जब्त...

पुलिस ने बताया कि स्कूटी की डिग्गी में रखे बैग के अंदर सभी नोट 500-500 के थे। इनकी गिनती करने पर 25 लाख रुपए पाए गए। पुलिस ने आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचित कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, स्कूटी सवार युवक मंगरोप थाना क्षेत्र के जित्याखेड़ी गांव का रहने वाले पूर्णा शंकर शर्मा को हिरासत में लिया है।

---

**नकबजनी गैंग पर कसी नकेल**

# सरगना सहित 3 बदमाश गिरफ्तार, कई वारदातें कबूली

**बेधड़क | भीलवाड़ा**

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता की पालना को लेकर पुलिस चाक-चौबंद सुरक्षा कर रही है। जगह-जगह नाकाबंदी कर वाहनों की तलाश लेते हुए असामाजिक तत्वों की धर-पकड़ करने के साथ ही अवैध रूप से नकदी परिवहन एवं नशा तस्करी पर पैनी नजर रखी जा रही है।

इसी कड़ी में जिला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नकबजन गैंग को धर-दबोचा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी गैंग के सरगना सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की ओर से की गई पूछताछ में बदमाशों ने 24 से ज्यादा वारदातों का खुलासा किया है। गैंग को



भीलवाड़ा की कोतवाली थाना और साइबर सेल ने सोमवार देर शाम को पकड़ा। थानाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया की मुन्नवर खान निवासी मोहम्मदी कॉलोनी ने मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया कि वह अपने परिवार सहित पैतृक गांव रायपुर झालावाड़ गया था। वापस लौटने पर मकान के ताले टूटे हुए थे और नकदी, आभूषण व इनोवा गाड़ी गायब थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और बदमाशों की तलाश में कई जगहों पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से पूछताछ की। जांच के बाद सरगना सहित तीन साथियों को गिरफ्तार किया। वारदात में काम में लिया गया वाहन भी बरामद किया है। तीनों आरोपियों से पुलिस गहनता से पूछताछ कर रही है।

### बदमाशों को दबोचने में रही इनकी भूमिका

आरोपियों को पकड़ने में मदन लाल सहायक उप निरीक्षक कोतवाली, साइबर सैल सहायक उपनिरीक्षक आशीष कुमार मिश्रा, कोतवाली थाना हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल इंद्रमल, चंद्रपाल सिंह साइबर सेल, किशोर सिंह, समय सिंह, पप्पूराम, मोहित सिंह, जगदीश आदि का विशेष योगदान रहा।

### दिन में रैकी के बाद रात में करते वारदात

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाश शातिर किस्म के हैं। ये आरोपी वारदात से पहले दिन में रैकी करते थे। इसके बाद रात को वारदात को अंजाम देते थे। मामले में सरगना दीपक लुहार (30) पुत्र उदय लाल लुहार न्यू कोटा रोड मारूति नगर भीलवाड़ा, सिकंदर उर्फ सिक्किया (21) पुत्र यूसुफ छिपा निवासी नाड़ी मोहल्ला कच्ची बस्ती कांवाखेड़ा, किशन (22) पुत्र सीताराम बावरी निवासी मारूति कॉलोनी भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों से की गई पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे वारदात से पहले दिन में रैकी कर टारगेट फिक्स करते थे। इसके बाद योजनानुसार रात के अंधेरे में वारदात को अंजाम देते थे।

---

# बेटे का चेहरा देखने से पहले ही पिता की मौत

**बेधड़क | कोटा**

जिले में 20 दिन पहले जन्मे बेटे की सूरत देखने जा रहे पिता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। 6 दिन बाद बेटा होने की खुशी में घर में कार्यक्रम था। हादसे के बाद परिवार की खुशियां मातम में बदल गई।

हादसा सोमवार रात करीब 11:30 बजे कोटा के रामगंजमंडी स्थित सीमेंट रोड पर हुआ। एएसआई राजेंद्र सिंह ने बताया कि कोटा के रामगंजमंडी में यादव मोहल्ला निवासी विनोद यादव (39) पुत्र स्व.चंदमल मंडी में सब्जी और फल बेचने का काम करता है। सोमवार रात करीब 10:30 बजे विनोद यादव मंडी से काम खत्म कर बाइक में पेट्रोल लेने के लिए दो किलोमीटर दूर पेट्रोल पंप पर जा रहा था। इस दौरान सीमेंट रोड़ पर मरियम हॉस्पिटल के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में विनोद गंभीर घायल हो गया। काफी देर तक वह सड़क पर ही लहूलुहान हालत में पड़ा रहा।

एंबुलेंस के समय पर नहीं आने से राहगीर घायल को अपनी गाड़ी से हॉस्पिटल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार विनोद के 20 दिन पहले बेटा हुआ था। परंपरा के अनुसार 6 दिन बाद 12 नवंबर को जलवा पूजन था। इसके बाद ही पिता अपने बेटा का चेहरा पहली बार देखता है। मृतक विनोद के 10 और 7 साल की दो बेटियां भी हैं।





चुनावी पोळ

बागी बाग उजाड़ दीं,
बणती बिगाड़ें बात।
जतन करणों सांतरो,
अ कर न पाएं घात।।

■ गजानन

**विधानसभा चुनाव** कुल 147 बैठकों में विधायकों की उपस्थिति का औसत 104

# 15वीं विधानसभा के पांच साल में 32 विधायकों ने नहीं पूछा एक भी सवाल

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान की 16वीं विधानसभा के गठन में महज 25 दिन बचे हैं। जाहिर है प्रदेशवासी नई विधानसभा को लेकर उत्साहित हैं और विधानसभा के स्वरूप को लेकर लगातार कयासों के दौर चल रहे हैं। लेकिन नई विधानसभा गठित हो, उससे पहले विधानसभा के 15वें सत्र में मुख्य चुनाव व उपचुनाव के माध्यम से चुने गए कुल 208 विधायकों की विधानसभा की बैठकों में औसत उपस्थिति की बात करें तो यह 147 में से महज 104 है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से जारी रिपोर्ट 'राजस्थान की 15वीं विधानसभा में विधायकों का प्रदर्शन' में यह डाटा सामने आया है।

रिपोर्ट के अनुसार 15वीं विधानसभा में हर विधायक ने औसतन 204 प्रश्न पूछे, हालांकि पूरे पांच साल में एक भी प्रश्न नहीं उठाने वाले विधायकों की संख्या 32 है। इनमें सरकार के विभिन्न विभागों के मंत्री रहे नेता भी शामिल हैं जिन्होंने सवालों के जवाब तो दिए पर खुद कोई सवाल नहीं किया।

15वीं विधानसभा में कुल 134 बिल पेश किए गए जिनमें से 126 बिल पारित हुए। छह बिलों पर चर्चा नहीं हुई और दो बिलों को वापस ले लिया गया। बात करें विधायकों की ओर से अपने क्षेत्र से संबंधित प्रश्न उठाने की तो अनूपगढ़ विधायक संतोष ने सर्वाधिक 550 प्रश्न पूछे। सर्वाधिक प्रश्न पूछने वाले टॉप 5 विधायकों में शामिल सभी विधायक भाजपा के हैं। पार्टियों की बात करें तो सीपीआई (एम) विधायकों के प्रश्नों का औसत सर्वाधिक 397 है।

वहीं पूछे गए प्रश्नों का सबसे कम औसत कांग्रेस विधायकों का है जो 102 है। इन पांच सालों में विधानसभा में सर्वाधिक प्रश्न चिकित्सा व स्वास्थ्य से जुड़े हुए पूछे गए वहीं ग्रामीण विकास से जुड़े प्रश्नों की संख्या सबसे कम रही।



### पार्टियों की औसत उपस्थिति

| | |
|---|---|
| निर्दलीय | 131 |
| बीटीपी | 128 |
| बीजेपी | 118 |
| रालोपा | 94 |
| कांग्रेस | 93 |
| सीपीआई(एम) | 93 |

### पार्टियों की ओर से पूछे गए औसत प्रश्न

| | |
|---|---|
| सीपीआई (एम) | 397 |
| बीजेपी | 355 |
| बीटीपी | 333 |
| रालोपा | 228 |
| निर्दलीय | 198 |
| कांग्रेस | 102 |

### इन्होंने उठाए सर्वाधिक प्रश्न

| विधायक | पार्टी | क्षेत्र | प्रश्न |
|---|---|---|---|
| संतोष | बीजेपी | अनूपगढ़ | 550 |
| फूलसिंह मीणा | बीजेपी | उदयपुर ग्रा. | 542 |
| अमृतलालमीणा | बीजेपी | सलुम्बर | 535 |
| बिहारीलाल | बीजेपी | नोखा | 534 |
| धर्मनारायण | बीजेपी | मावली | 532 |

### 5 वर्ष में ये रहा विधानसभा का हाल-ए-बैठक

| सन् | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|---|---|
| बैठक | 32 | 29 | 26 | 25 | 30 |
| प्रश्न | 8619 | 8629 | 8476 | 8363 | 8357 |
| बिल | 25 | 30 | 20 | 19 | 32 |

### ये हैं सबसे ज्यादा उपस्थिति वाले विधायक

| विधायक | क्षेत्र | पार्टी | बैठक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| जोगिंदर सिंह अवाना | नदबई | कांग्रेस | 145 | 99% |
| गजराज खटाना | बांदीकुई | कांग्रेस | 145 | 99% |
| मंजीत चौधरी | मुंडावर | भाजपा | 144 | 98% |
| धर्मेन्द्र कुमार | पीलीबंगा | भाजपा | 143 | 97% |



### इन सेक्टर्स के इतने पूछे गए प्रश्न

| | |
|---|---|
| चिकित्सा | 5237 |
| शिक्षा | 4958 |
| ऊर्जा | 2545 |
| सार्वजनिक निर्माण | 2458 |
| स्वायत्तशासन | 2270 |
| गृह | 2027 |
| रेवन्यु | 1813 |
| कृषि | 1639 |
| पंचायतीराज | 1442 |
| ग्रामीण विकास | 1187 |

**बिहाइंड द कर्टेन**



## अभी तो जनता माई-बाप

गजब का नजारा था। जिधर देखो रेला। जिंदाबाद करते समर्थक। दोनों हाथ जोड़े उम्मीदवार। चेहरे पर मुस्कुराहट टपक रही थी। क्या दलीय, क्या निर्दलीय। कोई ऊंट पर जा रहा था तो कोई ऑटो में। कोई पैदल तो कोई कार में। तो लोकतंत्र के महापर्व का एक और अनुष्ठान सम्पन्न हो गया। नामांकन के बाद की सभाओं का नजारा भी निराला था। बड़े-बड़े शामियाने। सामने भीड़ में बैठे लोग भले ही फटे हाल हों, दिहाड़ी देकर बुलाए हों पर देवतुल्य नजर आ रहे हैं। मंच पर बैठे नेता ऐसी भाषा बोल रहे थे जैसे सतयुग आ गया। पूरा विधानसभा क्षेत्र परिवार बताया जा रहा है। हर किसी में माता-पिता या भाई-बहन का चेहरा नजर आ रहा है। हृदय की पंखुड़ियां बिछाने को आतुर हैं। टिकट देने के लिए पार्टी का आभार जता रहे हैं। नहीं दिया तो लानत भेज रहे हैं। कह रहे हैं कि आधी रात भी कोई काम होगा तो तैयार हैं। जीत का आशीर्वाद मांग रहे हैं। डायलॉग डिलीवरी ऐसी कि अभिनेता तक शरमा जाएं। कैसे भी हो, मतदाता को रिझाना है। कोई सेवादारी कर रहा है तो कोई दूसरे की रसोई में हलवा बना रहा है। हर कोई विकास करना चाहता है। नामांकन के बाद ही पता चलता है कि कौन आमने-सामने है। कौन खेल बिगाड़ने के लिए ताल ठोक रहा है। किसे ले-देकर बिठा दिया जाएगा। किसे टिकट देकर भी हराना है तो किस के लिए परदे के पीछे से जीत का जुगाड़ करना है। राजनीति में जो दिखता है वही पूरा सच नहीं होता। उम्मीदवारों के शपथ पत्र देखकर ये बात साफ हो जाती है। सत्ता में थे या विपक्ष में। जनसेवा में इतना मेवा मिला कि पूछो मत। किसी की सम्पत्ति दो तो किसी की चार गुणा बढ़ गई। जो नेता लग्जरी गाड़ियों के नीचे पैर नहीं धरते वे बता रहे हैं कि उनके पास कोई वाहन नहीं है। कारोबार नहीं करते पर कर्ज लाखों का है। किसी जमाने में इलेक्शन कमीशन बाल की खाल निकाल देता था। अब तो खुला खेल है। आदर्श आचार संहिता लाचार है। धार्मिक स्थलों को लेकर टीका-टिप्पणियां की जा रही हैं। बिना सबूत के सार्वजनिक तौर पर आरोप लगाए जा रहे हैं। सहयोग नहीं करने वाले अफसरों को चुनाव बाद देख लेने की धमकियां दी जा रही है। बाजी मतदाता के हाथ में है। यही लोकतंत्र का असली हथियार है।

■ यायावर

**थड़ी पॉलीटिक्स**

## जिसके हाथ आएंगे सही पत्ते, वही जीतेगा बाजी

**स्थान** टी स्टॉल **समय** दोपहर 12:25 बजे

**टोंक फाटक, जयपुर**

*राजनीति का मिजाज समझने के लिए गांवों में पेड़ के नीचे लगने वाले चौपाल और शहरों में गलियों, सड़क किनारे और इधर उधर चलने वाली थड़ियों पर जमी मंडलियों से बेहतर कोई जगह नहीं। इन चौपालों और थड़ियों पर दावे होते हैं, बहस होती है लेकिन इन सबके साथ होती है जमीनी हकीकत जो लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी होती है। अब चुनावी दंगल की तस्वीर लगभग साफ है, नेताओं की जनसभाओं का दौर लगातार चल रहा है तो लोगों की गपशप भी पूरी तरह चुनावी रंग में रंग चुकी हैं। जहां देखो वहां लोग चुनावों में उतर रहे नेताओं की हार-जीत के समीकरण बिठा रहे हैं। राजस्थान के चुनावी मिजाज को समझने हम टोंक फाटक के पास स्थित एक चाय की थड़ी पर पहुंचे तो यहां अलग अलग मंडलियां चाय की चुस्की के साथ गपशप में मशगूल थी। " इस हिसाब से तो अगर बीजेपी के पास सीट आई तो सीएम कोई अलग ही नेता आएगा सामने। वसुंधरा के लोगों के तो जमकर टिकट काटे हैं अबकी बार। सरकार बन गई तब तो पक्का साइड लाइन कर देंगे।" एक युवा ने चाय की चुस्की लेते हुए बात शुरू की तो सामने बैठे तीन युवाओं की हंसी छूट गई। एक ने बात का जवाब दिया- "कौनसे नशे में है भाई। तुझे क्या लगता है मैडम ने अंदर ही अंदर सारे पासे नहीं बिठा रखे होंगे। देखा नहीं पहली लिस्ट के बाद ही कैसे दूसरी लिस्ट में सारी कहानी बदल गई थी। और सीधी सी बात है जिसके पास विधायक होंगे वो बनेगा मुख्यमंत्री। देखा नहीं था क्या कैसे पायलट साब अपने लोगों को लेकर भागे थे और जादूगर ने विधायकों के दम पर ही सारा खेल पलट दिया था। इसे ही तो राजनीति कहते हैं भाई।" तीसरा साथी भी बहस में कूदता है- " सुनो भैया इस फेर में मत रहो। ऐसा भी हो सकता है कि ये दोनों पार्टियां लड़ती ही रहें और सत्ता की चाबी तीसरे के हाथ में पहुंच जाए। अबकी बार बड़ा दम लगा रहे हैं तीसरे वाले भी। अगर 10-20 सीट भी ऊपर नीचे हो गई तो इस बार निर्दलीय और तीसरी पार्टी वाले ही तय करेंगे क्या होगा।" पास में चाय की चुस्की मार रहे युवक ने बीच में बात काटते हुए कहा-" भैया मुझे तो लगता है कि इस बार कुछ नया ही देखने को मिलेगा। बीजेपी आ गई तो देखना सीएम कोई चमत्कारी नेता आएगा, कांग्रेस आ गई तो जादूगर साब की कुर्सी भी सेफ नहीं है और दोनों के ही अगर हाथ कट गए तो तीसरे नेता तो अपना खेल करेंगे ही करेंगे।" और राजनीति के इस परम ज्ञान के साथ ये चर्चा यहीं समाप्त हुई।*

**पॉली क्लिक्स**



### चुनावी मेला

*प्रदेश में लगने वाले मेलों में बच्चों को कंधे पर उठाकर मेला दिखाने के दृश्य आम होते हैं। अब जबकि चुनावी मेला चल रहा हे तो कुछ इसी तरह के दृश्य दिखाई देने लगे हैं। हाल ही एक चुनावी सभा में एक पार्टी के उत्साही समर्थक ने अपने नन्हे बेटे को कुछ इस तरह तैयार किया। बच्चा भी राजनीति से अंजान होने के बावजूद उत्साह के साथ नारे लगाता नजर आया।*

**ई वॉर**





**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**

# चुनाव प्रक्रिया में शुचिता के उदाहरण बन गए थे रामराज व्यास व अशोक गहलोत



■ *गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार*
*gulabbatra@gmail.com*

मारवाड़ के प्रमुख राज परिवार की महारानी एवं राजमाता के रूप में और जोधपुर संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित प्रथम महिला सांसद कृष्णाकुमारी की जीत से शहरी एवं ग्रामीण जनता हर्षोल्लास से झूम उठी। चुनावी जीत के लिए बधाई देने वालों का उम्मेद भवन पैलेस में तांता लग गया। स्वभाव से संकोची कृष्णाकुमारी जनसमूह के आत्मीय स्नेह एवं सम्मान से अभिभूत हो गई।

इधर एक शख्स चुनावी खर्चे के हिसाब-किताब में लगे हुए थे। यह थे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता एडवोकेट रामराज व्यास, चुनाव प्रबंधन व्यवस्था में एक सहभागी के नाते खर्चे का हिसाब किताब रखने का दायित्व उन पर था। व्यास के पुत्र एडवोकेट भरत व्यास के अनुसार पिताजी ने जब उम्मेद भवन पैलेस जाकर राजमाता और अब सांसद बनी कृष्णाकुमारी के समक्ष व्यय वित्त विवरण प्रस्तुत करने के साथ शेष बची हुई राशि लौटाई तो वह आश्चर्यचकित रह गईं। चुनाव संचालन समिति के सदस्य भी हैरान हुए। सभी ने रामराज व्यास की मुक्तकंठ से सराहना की। व्यास का यही उत्तर था कि यह हमारा दायित्व था और संगठन से हमें प्रामाणिकता के साथ कार्य सम्पन्न करने के संस्कार मिले हैं। आपातकाल के पश्चात 1977 के चुनाव में जोधपुर शहर से जनता पार्टी के एडवोकेट बिरदमल सिंघवी ने नामांकन पत्र भरा। संघ से जुड़े एडवोकेट रेवाचंद भी चुनाव लड़ने पर आमादा हो गए। तब रामराज व्यास ने उन्हें चुनाव मैदान से हटने के लिए समझाया। वर्ष 1972 के चुनाव में गुमानमल लोढी के सामने विद्रोही बने जुगराज बोहरू की भी समझाइश की। ऐसे संकट मोचक थे व्यास।


### गहलोत ने भी लौटाई थी चुनाव खर्च की बची रकम

अक्सर चुनावी जीत के उपरांत खर्चे के हिसाब-किताब की परवाह नहीं की जाती। अलबता निर्वाचन आयोग को प्रेषित चुनाव व्यय विवरण में सावधानी बरती जाती है। कृष्णाकुमारी के जोधपुर से लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने पर बकाया राशि वापस लौटाने पर एक अन्य प्रसंग का उल्लेख समीचीन होगा। जोधपुर से ही लोकसभा के लिए चुने गए कांग्रेस के अशोक गहलोत के राजनैतिक जीवन से इसका जुड़ाव है। गहलोत को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जम्मू क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया था। तब चुनावी रणनीति के अन्तर्गत कांग्रेस ने जम्मू क्षेत्र में हिन्दू कार्ड खेलने की पहल की। नतीजतन भाजपा के मुकाबले कांग्रेस को अधिक सफलता मिली। चुनाव के पश्चात गहलोत ने चुनाव खर्चे के मद में प्राप्त राशि में से बची धनराशि कांग्रेस मुख्यालय में लौटाई। तब पार्टी के कोषाध्यक्ष थे सीताराम केसरी। गहलोत के इस कदम पर कांग्रेस क्षेत्र में आश्चर्य व्यक्त किया गया। उन दिनों राजीव गांधी कांग्रेस राजनीति में सक्रिय हुए थे। राजीव के पहले संसदीय चुनाव में पार्टी के दस सांसदों को बुलाया गया था, उनमें गहलोत भी शामिल थे।



### बेटी ने भी पहना सांसद का ताज

प्रथम आम चुनाव में 1952 में जोधपुर संसदीय क्षेत्र से राज परिवार के हनवंत सिंह विजयी हुए थे लेकिन चुनावी जीत का जश्न मनाने से पहले विमान दुर्घटना में उनकी अकाल मृत्यु हो गई। करीब दो दशक के अंतराल पर कृष्णा कुमारी ने लोकसभा में दस्तक देकर अपने पति का सपना पूरा किया। और 37 वर्ष के बाद इस दम्पति की लाडली चन्द्रेश कुमारी ने वर्ष 2009 में जोधपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़कर सफलता हासिल की। इस प्रकार जोधपुर के पूर्व राज परिवार की मां-बेटी को सांसद चुने जाने का गौरव मिला। कृष्णा कुमारी के पुत्र और चन्द्रेश कुमारी के भाई राजसिंह ने भी राज्य सभा में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। अंतर इतना रहा कि हनवंतसिंह एवं कृष्णाकुमारी ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ा वहीं चन्द्रेश कुमारी कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार थीं। उन्होंने भाजपा के जसवंतसिंह विश्नोई को 98 हजार 329 मतों से पराजित कर विश्नोई की लगातार तीसरी जीत पर विराम लगा दिया। गहलोत के बाद वह जोधपुर से मंत्रिपरिषद में शामिल हुई। लेकिन वर्ष 2014 के चुनाव में चन्द्रेश कुमारी भाजपा के गजेन्द्र सिंह शेखावत से 4 लाख 10 हजार से अधिक मतों से पराजित हुई। वर्ष 2019 के चुनाव के शेखावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को 2 लाख 74 हजार 440 मतों के अंतर से हराया।



# इजराइली 'डोम' अर्थात रामायणकालीन 'ब्रह्म-छत्र'



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

आजकल इजराइल और फिलिस्तीन समर्थक आतंकवादी संगठन हमास के बीच युद्ध चल रहा है। आतंकी पैराग्लाइडिंग पर सवार होकर इजराइल की सीमा में घुसे और हजारों मिसाइलों से हमला बोल दिया था। मिसाइलों के हवाई हमले से बचने के लिए इजराइल ने आयरन डोम अर्थात इस्पाती छत्र विकसित किया हुआ है, लेकिन इस बार यह डोम हमास की मिसाइलों को आसमान में ही ध्वस्त करने में असफल रहा।

दरअसल इसके सॉफ्टवेयर को अपडेट किए जाते रहे, लेकिन हार्डवेयर अद्यतन नहीं किया गया। नतीजतन आयरन डोम नाम की यह हवाई सुरक्षा प्रणाली अपना लक्ष्य नहीं साध पाई। इसके नाकाम रहने का एक कारण यह भी रहा कि आतंकियों ने एक साथ पांच हजार मिसाइलें दाग दी थीं। जबकि इसकी क्षमता दो हजार मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने की है। इसका उद्देश्य हवाई हमलों को हवा में ही रोकना है। इस डोम को दुनिया का सबसे भरोसेमंद हवाई हथियार माना जाता है। जबकि दो साल पहले 2021 में 11 दिन तक चले खूनी संघर्ष में इस डोम ने हवा में दुश्मन की मिसाइलों को मार गिराने का करिश्मा दिखाया था। इस हमले में इजराइल पर 40 घंटों में रॉकेट से 1050 प्रक्षेपास्त्र (मिसाइल) दागी गईं थीं, इनमें 850 से ज्यादा प्रक्षेपास्त्रों को इजराइल की पुख्ता सुरक्षा प्रणाली 'इस्पाती-छत्र' ने हवा में ही नष्ट कर दिया था। कुछ प्रक्षेपास्त्र आबाद बस्तियों में भी गिरीं, जिनसे जान-माल को नुकसान हुआ। इजराइल ने इस वक्त दावा किया था कि वह इस लौह-कवच की बदौलत ही सुरक्षित है। दरअसल, इजराइल ने अपने प्रमुख नगर तेल अवीव के चारों ओर पांच इस्पाती छत्र स्थापित किए हुए हैं। ये दागी गईं मिसाइल का पता करके उसे वायुमंडल में ही ध्वस्त कर देते हैं। एक छत्र की कीमत 340 करोड़ रुपए है। ये अमेरिका की आर्थिक और तकनीक मदद से 2011 में निर्मित



*"इजराइल ने अपने प्रमुख नगर तेल अवीव के चारों ओर पांच इस्पाती छत्र स्थापित किए हुए हैं। ये दागी गईं मिसाइल का पता करके उसे वायुमंडल में ही ध्वस्त कर देते हैं। एक छत्र की कीमत 340 करोड़ रुपए है। ये अमेरिका की आर्थिक और तकनीक मदद से 2011 में निर्मित करके सक्रिय कर दिए गए थे। ये लड़ाकू विमान और द्रोण से छोड़ी जाने वाले प्रक्षेपास्त्रों को भी निशाना बनाने में सक्षम हैं।"*

करके सक्रिय कर दिए गए थे। ये लड़ाकू विमान और द्रोण से छोड़ी जाने वाले प्रक्षेपास्त्रों को भी निशाना बनाने में सक्षम हैं। इसमें तामीर इंटरसेप्ट मिसाइलें लगी हैं, जो गाजा पट्टी से होने वाले हवाई हमले के समय स्वयंमेव सक्रिय होकर प्रतिषोध ले लेती हैं। ये मिसाइलें 80 से 90 प्रतिषत सटीक लक्ष्य साधने में सफल रहती हैं। अब रामायणकालीन ब्रह्म-छत्र की बात करते हैं। राम-रावण युद्ध का तार्किक व वैज्ञानिक चित्रण थाईलैंड (श्यामदेश) की रामायण 'रामकियेन' मलेशिया की 'हिकायत सेरीराम' पूर्वी तुर्किस्तान की खोतानी रामायण' सुमात्रा की 'ककविन रामायण' और लंका की 'जानकी हरणम्' में है। इन देशों ने लंका की सामरिक सहायता भी की थी।

दरअसल, दक्षिण एशियाई देशों की रामायणों में भगवान राम को 'महामानव' माना, जबकि भारतीयों ने ईश्वर माना। अतएव युद्ध में प्रयोग में लाए गए अस्त्र-शस्त्र, ब्रह्म-छत्र व अन्य सुरक्षा प्रणालियां गौण रह गईं। इनका स्थान अलौकिक चमत्कारों ने ले लिया। डॉ फादर कामिल बुल्के ने 'राम-कथा उत्पत्ति और विकास' तथा मदन मोहन शर्मा के उपन्यास 'लंकेश्वर' में उपरोक्त रामायणों को आधार बनाकर युद्ध का वर्णन अत्यंत विज्ञान-सम्मत व सुरुचिपूर्ण ढंग से किया है। अनेक अस्त्र-शस्त्र के निर्माण व उपयोग के वर्णन के साथ ब्रह्म-छत्र का भी उल्लेख है। इस लेखक के उपन्यास 'दशावतार' में भी ब्रह्म-छत्र का उल्लेख है। रावण ने लंका को संकटकाल में सुरक्षित रखने की दृष्टि से ब्रह्म-छत्र का निर्माण कराया था।

आवश्यकता पड़ने पर इस छत्र से लंका को ढक दिया जाता था। ऐसा करने से लंका एक सुरक्षा-कवच की छाया में आ जाती थी। इस पर यानों से छोड़े जाने वाले विस्फोटक और प्रक्षेपास्त्र भी बेअसर रहते थे। इसी तरह का छत्र राजस्थान के रावतभाटा परमाणु संयंत्र को आपात स्थिति में मिसाइल हमले से सुरक्षित रखने के लिए भी किया जा रहा है। यह 570 टन वजन का होगा। इस इस्पाती संरचना में 370 टन लोहा, करीब 2020 क्यूबिक मीटर सीमेंट और गिट्टी बिछाई जाएगी।

यह भारत का पहला आयरन डोम है। इसे सुरक्षित रखने के लिए बतौर आवरण एक और छत्र निर्मित किया जाएगा। बहरहाल भारत और इजराइल के छत्रों से पता चलता है कि रामायणकालीन ब्रह्म-छत्र का अस्तित्व होना कोई कोरी कल्पना या मिथकीय वर्णन नहीं है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### जनरल असेंबली में पारित प्रस्ताव पर भारत चाहता था आतंकवाद की निंदा हो

# युद्ध-आतंक के खिलाफ भारत की नीति



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

*"आज की तारीख में रूस सीरिया के साथ मजबूती से डटा है। सीरिया रूस का पश्चिम एशिया में एकमात्र सहयोगी देश है। इसके अलावा सीरियाई सरकार रूस से अरबों डॉलर के सैन्य हथियार खरीदती है। ऐसे में रूस का सीरिया के साथ कंधा जोड़ना लाजिमी है। रूस की कोशिश यूक्रेन के अशांत क्षेत्र क्रीमिया में हस्तक्षेप कर अमेरिका एवं अन्य यूरोपीय देशों को औकात में लाने की है।"*

संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली में इजराइल और फिलिस्तीन युद्ध को रोकने के लिए पेश किए गए प्रस्ताव से दूरी बनाकर भारत ने फिर साबित किया है कि युद्ध और आतंकवाद को लेकर उसकी नीति और नजरिया दोनों स्पष्ट हैं। जानना आवश्यक है कि पिछले तीन सप्ताह से जारी इजराइल और फिलिस्तीन युद्ध को रोकने के लिए 22 अरब देशों के एक समूह ने एक ड्राफ्ट तैयार किया और इस प्रस्ताव को जार्डन की ओर से जनरल असेंबली में पेश किया गया। प्रस्ताव पर मतदान के दौरान भारत ने इसमें हिस्सा नहीं लिया। उसका मूल कारण यह रहा कि प्रस्ताव में 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर हुए आतंकी हमले का उल्लेख नहीं था।



भारत समेत कई देश चाहते थे कि प्रस्ताव में हमले का उल्लेख हो और दुनिया उसकी निंदा करे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, जापान, यूक्रेन और यूके सरीखे कई अन्य देशों ने भी इस मतदान में हिस्सा नहीं लिया। भारत ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि राजनीतिक मकसद हासिल करने के लिए हिंसा का इस्तेमाल एक साधन की तरह करना बेहद विनाशकारी है। इससे कोई दूरगामी समाधान नहीं निकलने वाला। भारत ने आतंकवाद पर दोहरा नजरिया रखने वाले देशों को आगाह किया कि आतंकवाद की बीमारी किसी सीमा, राष्ट्रीयता और नस्ल को नहीं पहचानती। सभी देशों को चाहिए कि वह एकजुटता दिखाते हुए आतंकवाद के खिलाफ कठोरता से पेश आएं। यह पहली बार नहीं है जब भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए आतंकवाद पर अपना कड़ा रुख प्रदर्शित किया है। अभी हाल ही में दिल्ली में संपन्न जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने का आह्वान किया था। उन्होंने जापान के शहर ओसाका में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से जमकर हमला बोलते हुए उसके विरुद्ध मजबूत कदम उठाने की पैरवी की थी। आसियान के जरिए भी भारत अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर समग्र संधि का शीघ्र अनुमोदन करने का समर्थन संयुक्त राष्ट्र संघ से कर चुका है। दुनिया में ऐसे कई देश हैं जो खुलकर आतंकवाद को प्रश्रय देते हैं। उन्हीं देशों में से एक पाकिस्तान भी है। वह भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने वाले आतंकियों को पनाह देता है, लेकिन आश्चर्य कि इसके बावजूद भी चीन सरीखे देश उससे कंधा जोड़े हुए हैं।

चीन संयुक्त राष्ट्र संघ में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों के बचाव में बार-बार उतरता देखा जाता है। अमेरिका यह जानते हुए भी कि भारत में आतंकी गतिविधियों के लिए एकमात्र पाकिस्तान जिम्मेदार है, के बावजूद भी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई से बचता है। हमास, हिजबुल्ला और हूती को लेकर भी अरब देशों का रवैया कुछ वैसा ही है। आज अगर विश्व शांति को ग्रहण लग रहा है तो उसके लिए हमास सरीखे आतंकी संगठन ही जिम्मेदार हैं। ध्यान देना होगा कि जिस तरह शीतयुद्ध से पहले सोवियत संघ द्वारा याल्टा समझौते की अवहेलना, बाल्कन समझौते का अतिक्रमण, टर्की पर दबाव, यूनान में हस्तक्षेप, बर्लिन की नाकेबंदी और ईरान से सोवियत सेना के न हटने जैसी स्थिति बनी थी, कुछ वैसे ही हालात आज भी बनते दिख रहे हैं। यह ठीक है कि रूस के प्रति पश्चिमी देशों की नीति अब पहले जैसी नहीं है जैसा कि सोवियत संघ के प्रति हुआ करती थी, लेकिन सीरिया समेत कई अन्य मसलों पर रूस और अमेरिका दोनों के बीच बढ़ते टकराव ने नाजुक स्थिति पैदा कर दी है। आज की तारीख में रूस सीरिया के साथ मजबूती से डटा है। सीरिया रूस का पश्चिम एशिया में एकमात्र सहयोगी देश है। इसके अलावा सीरियाई सरकार रूस से अरबों डॉलर के सैन्य हथियार खरीदती है। ऐसे में रूस का सीरिया के साथ कंधा जोड़ना लाजिमी है। रूस की कोशिश यूक्रेन के अशांत क्षेत्र क्रीमिया में हस्तक्षेप कर अमेरिका एवं अन्य यूरोपिय देशों को औकात में लाने की है। वह सीरिया के जरिए अपनी ताकत का इजहार कर वैश्विक परिदृश्य में अमेरिका के एकतरफा वर्चस्व को तोड़ना चाहता है।

यह भी दो राय नहीं कि अफगानिस्तान की लड़ाई में अमेरिका को न सिर्फ असफलता मिली, बल्कि यूं कहें कि उसके भाग खड़े होने से उसकी ताकत को बट्टा भी लगा है। इस स्थिति ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के हौसले जरूर बुलंद कर दिए, लेकिन अमेरिका भी चुप नहीं बैठा है। वह अपनी ताकत को इजहार करने का अवसर ढूंढ रहा था कि इजराइल और फिलिस्तीन के बीच भड़के युद्ध ने वह मौका भी उपलब्ध करा दिया। बेशक शीतयुद्धकालीन विश्व व्यवस्था के निर्धारक तत्व सैनिक कारक थे और आज भूमण्डलीकरण के दौर में उसका स्थान आर्थिक कारकों ने ले तो लिया है, लेकिन परिस्थितियां पूरी तरह बदली नहीं हैं। अब हथियारों के साथ-साथ मुद्राएं भी टकरा रही हैं। भले ही नाटो, वारसा पैक्ट, सीटो, सेंटो की प्रासंगिकता कम हुई है और उसका स्थान गैट, आसियान, साफ्टा, नाफ्टा और बिमटेस्क ने ले लिया है, लेकिन विश्व के ताकतवर देशों के बीच वर्चस्व की आकांक्षाओं ने मानवता को जंग में धकेल दिया है। नतीजतन आज इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के कारण पश्चिम एशिया (मध्य-पूर्व) एक बार फिर धधक रहा है। गाजा पट्टी पर काबिज आतंकी संगठन हमास इजराइल पर हमला बोलकर दहलाने की कोशिश में मिटने के कगार पर आ पहुंचा है। वहीं इजराइल उसके अस्तित्व को मिटाने की कसम खा चुका है। दोनों देशों के पीछे अंतरराष्ट्रीय गोलबंदी ने आग में घी का काम किया है। इजराइल को अमेरिका का खुला समर्थन हासिल है और वह युद्ध में इजराइल के साथ खड़ा भी है। पश्चिमी देशों के अलावा नाटो संगठन भी इजराइल के साथ हैं। वहीं फिलीस्तीन के कट्टरपंथी संगठन हमास को सीरिया, लेबनान और ईरान सरीखे उन देशों का समर्थन हासिल है जिनका मकसद दुनिया में इस्लाम का परचम लहराना है। इस्लामिक जेहादी संगठन खुलकर हमास के साथ हैं। ईरान डंके की चोट पर इजराइल के खिलाफ हमास की मदद कर रहा है। अन्य आतंकी संगठन भी हमास के साथ हैं।

दरअसल हमास एवं अन्य जेहादी संगठनों की मंशा इजराइल को नेस्तनाबूद करना है। दूसरी ओर अमेरिका ईरान के यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम और मौजूदा तनाव को लेकर पहले से ही भड़का हुआ है। ऐसे में वह हमास को फिलिस्तीन में मजबूत और इजरायल को कमजोर होने नहीं देना चाहता है। अगर संघर्ष बढ़ा तो ईरान और अमेरिका भी आमने-सामने आ सकते हैं। रूस और चीन भले ही युद्ध खत्म करने की बात कर रहे हों लेकिन सच यहीं है कि वह ईरान के साथ खड़े हैं। भारत चाहता है कि इजराइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष बंद हो। भारत कभी भी युद्ध का समर्थन नहीं करता है। उचित होगा कि दुनिया के सभी देश आतंकवाद पर गढ़ी-बुनी गई अपनी-अपनी परिभाषाओं के केंचूल से बाहर निकलें। आतंकी कृत्यों में संलिप्त हमास को खुले मन से आतंकी संगठन के रूप में स्वीकारें। उसका बचाव न करें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# रतौंधी के शिकार होते परिदृश्य



डॉ. प्रदीप उपाध्याय
व्यंग्यकार

आज जब वे दद्दू के पैर छूकर आशीर्वाद मांगने आए थे तब दद्दू तो फूले नहीं समा रहे थे। आस-पास जमा भीड़ भी तो भैयाजी के व्यक्तित्व से प्रभावित हुए बिना नहीं रही थी। पहले भी ऐसे ही हथकंडे भैयाजी अपनाते रहे हैं लेकिन उससे क्या?

बात तो इतने बड़े आदमी का एक बुजुर्ग, एक आम आदमी के सामने झुकने की है। ऐसे में जब वे उनके चरण छू रहे थे तब दद्दू की नजर उन पर नहीं थी, वे देखेंगे भी क्यूं, जब वे पूरी तरह से अभिभूत हो चुके थे, भीड़ भी हिप्नोटाइज हो चुकी हो लेकिन भूरू पहलवान उन लोगों की ओर देख रहा था और भैयाजी को भी गहरी नजर से देख रहा था। पैरों की ओर झुकते हुए उनकी कसमसाहट शायद दद्दू तो खुशी के मायाजाल में नहीं देख पाए क्योंकि दद्दू तो फूलकर कुप्पा हो गए थे और हो भी क्यों न, आखिर नेताजी को भले ही पांच साल में एक बार ही सही अपने चरणों में लगी धूल तो दिखा ही दी थी, बाकी दिनों में तो कभी भैयाजी के पैर भी जमीन पर पड़ते हुए कहां आम आदमी को दिखाई देते हैं, वे तो उन दिनों हवा में ही उड़ते -फिरते हैं और वैसे भी उन पैरों में कहां धूल जमती या चिपकती है।

बहरहाल, अपनी उपेक्षा से जला-भूना बैठा भूरू पहलवान उस दृश्य को अपनी खुली आंखों से देख रहा था, यह बात अलग है कि जिन बातों को लोकतंत्र में खुली आंखों से देखना होता है, वे सब चुनावी परिदृश्य में रेवड़ियों के स्वाद में रतौंधी की शिकार हो जाती हैं। उसे याद है कि पिछले चुनाव के वक्त कैसे भैयाजी ने उसे गले लगाया था, कैसे अपना पठ्ठा घोषित करते हुए सारे ठेके उसी को दिलाने का आश्वासन दिया था और कैसे कल्लू पहलवान को उन्होंने अपनी गोद में बैठा लिया और कैसे उसे एक झटके में पटखनी खिला दी।

उसे सब याद है और इसीलिए इस बार तो वह खुलकर विरोधी खेमे से जुड़ गया है। हालांकि उसकी बहुत मान-मनुहार की गई थी, लेकिन वह टस से मस नहीं हुआ। हां, तो मैं बता रहा था कि ईर्ष्या वश भूरू पहलवान यह बात जमाने भर में कहता फिर रहा था कि दद्दू के पैर छूने में भैयाजी कसमसा रहे थे। जिस तरह पिछली बार उसको गले लगाते वक्त भैयाजी नाक-भौंह सिकोड़ रहे थे या फिर दयाराम जमादार की झोंपड़ी में खाना खाने के प्रायोजित आयोजन में उनके दिल की बात जुबां पर आते-आते रह गई थी, लेकिन समझने वाले समझ गए थे।

उसे बल्लू के पाद प्रक्षालन की घटना भी स्मरण हो आई थी। उनके लिए ऐसे अवांछित किन्तु अनिवार्य घटनाक्रमों पर उनके श्रीमुख से एक बार यह कहते भी सुना ही था कि क्या करें, वक्त जरूरत हर किसी को बाप बनाना पड़ता है। भूरू पहलवान यह भी कह रहा था कि यूं तो भैयाजी आम दिनों में सांड बनकर घूमते फिरते हैं, यहां-वहां उजाड़ करने में जरा भी गुरेज नहीं करते, लेकिन चुनावी दिनों में उनका चेहरा खस्सी बैल की माफिक निरीह प्राणी सा हो जाता है। भूरू पहलवान दद्दू से कह भी रहा था कि दद्दा, जब जनता के पास वोट की ताकत रहती है तो वह इन नेताओं को षंड कर अपने काबू में क्यों नहीं कर लेती? क्यों वे चुनाव निपटते ही फिर छुट्टे सांड की भांति आवारगी पर उतर आते हैं। उन पर कोई आर काम भी नहीं करती।

कहने को तो वे यही कहते हैं कि वे जनता की सेवा के लिए ठीक उसी तरह तल्लीन रहते हैं जिस तरह से एक बैल अच्छी फसल के लिए खेतों में हल जोतने, बोझ ढोने या रहट खींचने का काम करता रहता है। किन्तु दद्दू को कहां यह सब सुनने की फुर्सत थी, वे तो भैयाजी के हाथों का अपने चरणों पर स्पर्श, किसी नवयौवना के स्पर्श सा अनुभूत कर रहे थे, जिसे सालों-साल तक वे अपनी स्मृतियों में शायद संजो लेना चाह रहे थे।

X



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@ashokgehlot51
राजस्थान ने ये सब कैसे किया पूरा देश सीखना चाहता है- #कांग्रेस_की7गारंटी_यात्रा

**दीया कुमारी,** बीजेपी सांसद, राजस्थान
@KumariDiya
विद्याधर नगर की यही पुकार, दीया कुमारी अबकी बार !



### नॉलेज कॉर्नर: दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के बाद कृत्रिम बारिश की चर्चा

# क्लाउड सीडिंग से प्रदूषण पर नियंत्रण!

राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, जिसने सरकार की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसे में एक बार फिर विशेषज्ञों ने राजधानी में कृत्रिम बारिश यानी क्लाउड सीडिंग का सुझाव दिया है। दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री गोपाल राय ने आईआईटी कानपुर के प्रो। मणीन्द्र अग्रवाल से बात कर कृत्रिम वर्षा के बारे में जानकारी हासिल की है। डीजीसीए से अनुमति मिलने के बाद आईआईटी की ओर कृत्रिम बारिश कराने की बात कही गई है। आखिर क्लाउड सीडिंग प्रदूषण को रोकने में कितनी कारगर है? इस बारे में विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### कैसे बनते हैं कृत्रिम बादल?

क्लाउड सीडिंग यानी बादल के बीज बोना। जैसे खेत में फसल के लिए बीज बोए जाते हैं, वैसे ही बारिश कराने के लिए आसमान में क्लाउड सीडिंग की जाती है। इस प्रक्रिया में एयरक्राफ्ट की मदद से आसमान में सिल्वर आयोडाइड का छिड़काव किया जाता है। यह जैसे ही हवा और आसमान में मौजूद बादलों के संपर्क में आता है, तो तेजी गति से बादल बनने लगते हैं और इन्हीं बादलों के कारण बारिश होती है। इस प्रक्रिया को क्लाउड सीडिंग कहते हैं। सिल्वर आयोडाइड बर्फ की तरह ही होती



है और इससे नमी वाले बादलों में पानी की मात्रा बढ़ जाती है और फिर बारिश होती है। इसे अत्यधिक सूखाग्रत क्षेत्र और प्रदूषण की गंभीर स्थिति से निपटने के लिए किया जाता है। भीषण आग के हादसों से भी निपटने के लिए क्लाउड सीडिंग का इस्तेमाल किया जाता है।

### बेहद कारगर

कृत्रिम बारिश का उपयोग सूखाग्रस्त इलाकों में किया जाता है। इससे बारिश नहीं होने के कारण खराब हो रही फसल को बचाया जा सकता है। यह प्रक्रिया बढ़ते प्रदूषण को भी कम करने में कारगर है। अब तक चीन और अमेरिका जैसे बड़े देश इसका सफलता से इस्तेमाल कर चुके हैं। वहीं पिछले साल गरमी से तपते संयुक्त अरब अमीरात ने इसके जरिए बादलों को इलेक्ट्रिक चार्ज करके अपने यहां आर्टिफिशियल बारिश कराई थी। भारत में भी ये कई जगह हो चुका है। महाराष्ट्र के सोलापुर में पिछले दिनों क्लाउड सीडिंग की गई। ऐसा करने से इस इलाके में आम बारिश से 18 फीसदी ज्यादा बारिश हुई।

### इतना होता है खर्च

*रिपोर्ट के मुताबिक, क्लाउड सीडिंग के जरिए एक वर्ग फुट बारिश कराने की कीमत लगभग 15 हजार होगी। यूएई में क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश की लागत एक क्यूबिक मीटर पानी के लिए एक डॉलर आई थी। जबकि भारत में इस प्रकिया के लिए एक लीटर पानी के लिए 18 पैसा खर्च करना पड़ सकता है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

**विधानसभा चुनाव के लिए मतदान: छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण में 20 सीटों के लिए और मिजोरम की सभी सीटों के लिए डाले गए वोट**

## छत्तीसगढ़: नक्सलियों पर भारी पड़ा वोटर

■ नक्सलियों की उत्पात की कोशिश, 5 सुरक्षाकर्मी घायल

**एजेंसी** | रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सली गतिविधियों से प्रभावित बस्तर व दुर्ग संभाग की 20 सीटों पर मतदाताओं ने बुलंदी के साथ मतदान दिया। मतदान समाप्ति तक 71.11 प्रतिशत मतदाताओं के अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की खबर थी। अधिकारियों ने कहा कि

**71.11 % वोटिंग**



यह आंकड़ा बढ़ सकता है क्योंकि कई मतदान केंद्रों से अंतिम आंकड़े अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। पहले चरण की 10 सीटों पर सुबह सात बजे से अपराह्न तीन बजे तक तथा शेष 10 सीटों पर सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान हुआ। राज्य में नक्सलियों ने चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की थी। इस दौरान उन्होंने उत्पात मचाने की भी कोशिश की।

सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए तथा जिले के टोंडामरका शिविर के पास नक्सलियों द्वारा किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में एक सीआरपीएफ कमांडो घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नारायणपुर, बीजापुर और कांकेर जिलों में नक्सलियों तथा सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी भी हुई। इन घटनाओं में सुरक्षाबलों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। प्रदेश में पहले चरण के मतदान के लिए लगभग एक लाख सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए।

अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में राज्य की 20 विधानसभा सीट के लिए मंगलवार को पुलिस और अर्धसैनिक बलों की कड़ी सुरक्षा में मतदान हुआ। पहले चरण के मतदान के साथ ही इन 20 सीट के 223 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम बंद हो गई जिसका फैसला तीन दिसंबर को होगा।

## मिजोरम: शांति से वोटिंग

**एजेंसी** | आइजोल

मिजोरम में मंगलवार को विधानसभा चुनाव के लिए हुआ मतदान शांतिपूर्ण रहा और कुल 8.57 लाख मतदाताओं में से 77 प्रतिशत से अधिक ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। आइजोल में एक मतदान केंद्र में मुख्यमंत्री जोरमथांगा मतदान के लिए पहुंचे, लेकिन ईवीएम में तकनीकी गड़बड़ी के कारण मतदान नहीं कर सके। इसलिए वह घर लौट गए और वोट डालने फिर आए और मतदान किया। कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष लालसावता ने आइजोल

**77.39% वोटिंग**



निर्वाचन क्षेत्र में बने एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने कहा कि मतदान 80 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है, क्योंकि दूर-दराज के जिलों से अंतिम रिपोर्ट आनी बाकी है। शाम छह बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक 77.39 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। राज्य में 2018 में हुए चुनाव में कुल मतदान 81.61 प्रतिशत हुआ था। लियानजेला ने कहा कि कुछ मतदान केंद्रों पर शाम चार बजे की समय सीमा के एक घंटे बाद शाम पांच बजे तक भी मतदान जारी था, क्योंकि लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए कतार में लगकर इंतजार कर रहे थे। चुनाव में 174 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### कांग्रेस शासित राज्यों में भ्रष्टाचार का बोलबाला: नड्डा



**खरगोन।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस शासित राज्यों में भ्रष्टाचार, लूट और अत्याचार का बोलबाला है। चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में खरगोन जिले के बड़वाह कस्बे में एक चुनावी सभा में कहा कि भाजपा महिलाओं, किसानों और गरीबों के विकास के लिए काम करती है तथा समाज में शांति सुनिश्चित करती है। कांग्रेस शासित राज्यों में भ्रष्टाचार, लूट, विश्वासघात और अत्याचार व्याप्त हैं। यह भाजपा सरकार ही थी जिसने मध्य प्रदेश को बीमारू श्रेणी से बाहर निकाला।

### MNF चुनाव में जीत हासिल करेगी: जोरमथांगा

**आइजोल।** मिजोरम में सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट के जीत हासिल करने और त्रिशंकु विधानसभा न होने का विश्वास जताते हुए मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी का राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन नहीं हैं और केंद्र में राजग को उसका समर्थन मुद्दा-आधारित है। उन्होंने कहा कि 'जो' जनजातियों को एकीकृत करने के एमएनएफ के प्रयासों से पार्टी को चुनावी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि म्यांमार, बांग्लादेश और मणिपुर से भाग कर आ रहे लोग मिजोरम में सुरक्षित महसूस करते हैं। जोरमथांगा ने कहा कि एमएनएफ वित्तीय बाधाओं के बावजूद विभिन्न विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन और विपक्षी दलों द्वारा अच्छे उम्मीदवार न उतार पाने समेत कई कारणों से चुनाव जीतेगी।

**पीएम मोदी की एमपी, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना में चुनाव सभाएं**

# घोटालों को रोका, इस पैसे से केंद्र ने गरीबों को दिया मुफ्त राशन

**एजेंसी** | सीधी (मध्य प्रदेश)

मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर मंगलवार को सियासी पारा चढ़ा रहा। भाजपा के दिग्गज नेता राज्य के दौरे पर थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री तथा अन्य कई नेताओं ने चुनावी सभाओं को संबोधित किया और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीधी जिले में एक जनसभा में कांग्रेस पर अपने शासनकाल के दौरान भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र में भाजपा के सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने सभी घोटालों को रोक दिया और इसमें शामिल धन को बचाया और इससे 80 करोड़ से अधिक गरीब लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने में मदद मिली। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस उन्हें हर दिन गाली देती रहती है।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर आदिवासी विरोधी मानसिकता होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी का विरोध किया। क्योंकि उसने कभी भी उनके कल्याण की परवाह नहीं की। पीएम मोदी मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे, जहां 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस 10 वर्षों (2004-2014) तक सत्ता में थी, तो उसकी सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त थी, लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद, उसने उन सभी घोटालों को रोक दिया।



### कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता

कांग्रेस पर आदिवासियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि दलित वर्ग से आने वाले देश के पहले मुख्य सूचना आयुक्त के सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पहले से निमंत्रण मिलने के बावजूद कांग्रेस इसमें शामिल नहीं हुई। यह उसकी दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

## कांग्रेस के सत्ता में आने पर हो जाते हैं आतंकियों के हौसले बुलंद

**एजेंसी** | सूरजपुर (छत्तीसगढ़)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर अंकुश लगाने में विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि जब—जब यह पार्टी केंद्र में सत्ता में आती है तब तब आतंकवादियों और नक्सलियों के हौसले बुलंद हो जाते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य में हुए कथित कथित महादेव ऐप सट्टा घोटाले को लेकर कहा कि वह गारंटी देते हैं कि भाजपा इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी कर देगी तथा कोई कितना भी बड़ा क्यों ना हो, उसे जेल जाकर अपनी जिंदगी गुजारनी होगी।

इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा '30 टका कक्का, खुले आम सट्टा। राज्य में बघेल 'काका' के नाम से लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार को घेरते हुए कहा, कांग्रेस ने अपनी तिजोरी भरने के लिए आपके बच्चों से सट्टेबाजी करवाई है। क्या आप इन्हें माफ करेंगे?

### कांग्रेस और BRS का DNA समान

हैदराबाद। पीएम मोदी ने मंगलवार को तेलंगाना का भी दौरा किया। उन्होंने हैदराबाद में एलबी स्टेडियम में 'बीसी (पिछड़ा वर्ग)आत्म गौरव सभा' में तेलंगाना की के. चंद्रशेखर राव नीत सरकार और कांग्रेस को पिछड़ा वर्ग विरोधी करार दिया और कहा कि कांग्रेस तथा भारत राष्ट्र समिति के डीएनए में तीन बातें समान हैं और वे हैं: वंशवादी शासन, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण। उन्होंने कहा कि 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में तेलंगाना मेंपिछड़ा वर्ग विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

**नीतीश की बड़ी पहल, कहा-बनेगा कानून**

## बिहार में बढ़ेगा ओबीसी एससी-एसटी का कोटा

**एजेंसी** | पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए कोटा (आरक्षण) बढ़ाने के अपने इरादे की घोषणा करते हुए मंगलवार को कहा कि मौजूदा विधानसभा सत्र में इस आशय का कानून लाने की संभावना है।

नीतीश ने अपनी सरकार द्वारा कराए गए महत्वाकांक्षी जातिगत सर्वेक्षण पर एक विस्तृत रिपोर्ट बिहार विधानसभा के पटल पर पेश किए जाने के बाद हुई चर्चा में भाग लेते हुए यह बयान दिया।

उन्होंने पांच दिवसीय बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन कहा, एससी और एसटी के लिए मिलाकर आरक्षण कुल 17 प्रतिशत है। इसे बढ़ाकर 22 फीसदी किया जाना चाहिए।

इसी तरह ओबीसी के लिए आरक्षण भी मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया जाना चाहिए। हम उचित परामर्श के बाद आवश्यक कदम उठाएंगे। हमारा चालू सत्र में इस संबंध में आवश्यक कानून लाने का इरादा है।

### क्या कहता है सर्वे

- अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) सहित ओबीसी 63 प्रतिशत
- एससी व एसटी कुल मिलाकर 21 प्रतिशत से कुछ अधिक

### पड़ेगा राजनीतिक असर

मुख्यमंत्री के बयान का राज्य की राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है और इससे देश के अन्य हिस्सों से आरक्षण बढ़ाने की मांग उठ सकती है। नीतीश ने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि अन्य जातियों के नुकसान के लिए कुछ समुदायों के आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। ये सब बोगस बात है, यह नहीं बोलना चाहिए था। ज्ञात रहे कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो दिन पहले मुजफ्फरपुर जिले में एक रैली में राज्य के जातिगत सर्वेक्षण में जानबूझकर मुस्लिमों और यादवों की आबादी को बढ़ाकर दिखाने का आरोप लगाया था और कहा था कि इसका अन्य पिछड़े वर्गों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। शाह ने नीतीश कुमार पर यह भी आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने सहयोगी दल राजद के प्रमुख लालू के दबाव में ऐसा किया।

**छत्तीसगढ़ के दौरे में प्रियंका गांधी का PM मोदी पर प्रहार**

## केवल किसानों के लिए नहीं है पैसा

**एजेंसी** | बालोद(छत्तीसगढ़)

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उसके पास प्रधानमंत्री के लिए हवाई जहाज लेने और संसद भवन बनाने के लिए पैसा है लेकिन किसानों को देने के लिए पैसा नहीं है।

प्रियंका न छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक चुनावी सभा में भाजपा पर आरोप लगाया कि देश की जनता ने जो कुछ अच्छा बनाया था, उसे उसने बिगाड़ दिया या अपने उद्योगपति मित्रों को दे दिया। उन्होंने कहा, सरकार का जो



पैसा होता है, वह सरकार का नहीं, बल्कि जनता का पैसा होता है।

इसका अहसास आपको होना चाहिए। जब सरकार इसे खर्च करती है, तब पूछा जाना चाहिए कि किस काम के लिए खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने पांच वर्ष में जनता के हित के लिए काम किया, लेकिन केंद्र सरकार ने क्या किया।

### PM की तरह ED भी BJP की स्टार प्रचारक: खरगे

**ग्वालियर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह, प्रवर्तन निदेशालय मौजूदा विधानसभा चुनावों में भाजपा का स्टार प्रचारक है। खरगे ने मंगलवार को यहां एक जनसभा में कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और आयकर विभाग भी भाजपा की ओर से मैदान में हैं। खरगे ने कहा, कांग्रेस के हर निर्वाचन क्षेत्र में एक उम्मीदवार है, लेकिन भाजपा के पास चार हैं। एक पार्टी उम्मीदवार है जो दिखाई दे रहा है, लेकिन तीन अन्य हैं जो अदृश्य हैं।

### अखिलेश चुनाव सभा में कांग्रेस पर बरसे



**भोपाल।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को एमपी के बुंदेलखंड क्षेत्र में निवाड़ी में चुनाव सभा को संबोधित किया। इससे पहले पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस चाहती है कि समाजवादी विचारधारा खत्म हो जाए, लेकिन उनकी पार्टी का संकल्प इसे और अधिक फैलाने का है।

**तेलंगाना की चुनावी डायरी**

# BRS: 120 सोशल मीडिया वॉर रूम, 750 कर्मी जोड़ रहे हैं जनता से तार

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार अभियान ने अब गति पकड़ ली है। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पिछले कुछ दिनों से लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं और चुनाव सभाओं को भी संबोधित कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही पार्टी सोशल मीडिया मंचों का भी खूब जमकर उपयोग कर रही है। इसमें एफएम रेडियो 'टॉक शो' और तेलुगु सिने अभिनेताओं के साथ साक्षात्कार से लेकर यू-ट्यूब और लिंक्डइन का इस्तेमाल भी शामिल है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने एक यू-ट्यूब चैनल पर अपने पाक कौशल का प्रदर्शन करने की कोशिश की। राज्य भर में 120 सोशल मीडिया वॉर रूम में 750 से अधिक कर्मी बीआरएस के लिए चुनाव सामग्री तैयार करने में व्यस्त हैं। किसी भी भ्रामक पोस्ट के खिलाफ विभिन्न मंचों पर 'फैक्ट चेक' जारी करने के अलावा, लोगों को बीआरएस सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी बता रहे हैं। सूत्रों ने कहा, हमारी रणनीति यह है कि हम हर 48 घंटे में टीवी चैनल या एफएम रेडियो स्टेशन पर केटीआर के साक्षात्कार से जुड़ी ताजा सामग्री जारी करना चाहते हैं।



### 17,000 वॉट्सएप ग्रुप, 16 लाख सदस्य

बीआरएस के राज्य भर में लगभग 17,000 व्हाट्सएप ग्रुप हैं, जिनमें 16 लाख से अधिक सदस्य हैं और दैनिक आधार पर, उन्हें टेक्स्ट या वीडियो या तस्वीर के रूप में कम से कम आठ संदेश मिलते हैं। सूत्रों ने कहा कि लोकप्रिय एफएम चैनल के साथ लगभग आठ साक्षात्कार भी जल्द ही प्रसारित किए जाएंगे। बीआरएस ने हाल ही में दुनिया भर के पेशेवरों तक पहुंच बनाने के लिए लिंक्डइन मंच का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है।

### कांग्रेस ने अंबेडकर को हराया था, BRS दलितों के साथ: KCR

इस बीच, सीएम के. चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि यह कांग्रेस पार्टी थी जिसने संसदीय चुनाव (1950 के दशक में) में डॉ बी आर अंबेडकर को हराया था तथा उनकी पार्टी भारत राष्ट्र समिति दलितों के कल्याण के लिए खड़ी है। राव ने चेन्नूर में एक चुनावी रैली में कहा कि यह उनकी सरकार थी जिसने राजधानी हैदराबाद में राज्य सचिवालय के पास अंबेडकर की दुनिया की सबसे ऊंची 125 फुट की प्रतिमा स्थापित की और अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए दलित बंधु जैसी योजनाएं भी शुरू कीं। केसीआर ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगते हुए लोगों से कहा कि वे अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से पहले राजनीतिक दलों के कार्य निष्पादन रिकॉर्ड से अवगत रहें, क्योंकि वोट अगले पांच वर्षों के भाग्य का फैसला करेगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, अन्य दलों द्वारा दलितों का वोट-बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। बीआरएस सरकार तब तक काम करेगी जब तक कि अंतिम दलित परिवार को दलित बंधु का लाभ नहीं मिल जाता। अंबेडकर ने दलितों के लिए बहुत संघर्ष किया। भाजपा पर हमला करते हुए राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हवाई अड्डों, बंदरगाहों, रेलवे और कोयला खदानों को भी बेच रही है। राव ने कहा कि यह उनकी सरकार थी जिसने एससीसीएल के मुनाफे को बढ़ाया। जनसभा में ज्यादातर सिंगरेनी कोइलीरीज कंपनी लिमिटेड के श्रमिक और कर्मचारी शामिल थे।

### भाजपा ने 12 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की

भाजपा ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 12 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की। भाजपा ने अब तक कुल 119 विधानसभा क्षेत्रों में से 100 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। शेष 19 सीटों में से भाजपा अपने राजग सहयोगी, अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण की जनसेना को कुछ सीटें दे सकती है। मुनुगोडे से भाजपा प्रत्याशी चलमाला कृष्ण रेड्डी हाल ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। पिछले साल मुनुगोडे में हुए उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार रहे कोमाटिरेड्डी राज गोपाल रेड्डी के पार्टी छोड़ने और कांग्रेस में लौटने के बाद कृष्ण रेड्डी भाजपा में शामिल हो गए थे।

## जरूरी खबर

### आदित्य एल1 ने सौर प्रज्वाल की पहली झलक देखी




**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पहले सौर मिशन 'आदित्य एल1' को 'सौर प्रज्वाल' (सोलर फ्लेयर्स) की पहली उच्च ऊर्जा एक्स-रे झलक दिखाई दी है। अंतरिक्ष एजेंसी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 29 अक्टूबर से अपनी पहली अवलोकन अवधि के दौरान 'आदित्य एल1' अंतरिक्ष यान में लगे 'हाई एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर' ने सौर प्रज्वाल को रिकॉर्ड किया है। सौर प्रज्वाल सौर वातावरण का अचानक चमकना है। मिशन अब तक अपेक्षित रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

### मीडिया कर्मियों के मामले में निर्देश जारी करें

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से कहा कि वह लोगों, विशेषकर मीडिया कर्मियों के मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किये जाने पर दिशानिर्देश जारी करे। न्यायालय ने इसे गंभीर विषय करार दिया। न्यायाधीश संजय किशन कौल और न्यायाधीश सुधांशु धूलिया की पीठ ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस वी राजू को जांच एजेंसियों की व्यापक शक्तियों के बारे में अपनी चिंता से अवगत कराया। पीठ इस मामले से संबंधित दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

### मणिपुर: गोलीबारी में दो पुलिस कर्मी सहित नौ घायल

**इम्फाल।** मणिपुर के इम्फाल वेस्ट जिले से लगे कांगपोकपी जिला स्थित कांगचुप इलाके में मंगलवार को अज्ञात लोगों की गोलीबारी में दो पुलिस कर्मी सहित नौ लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मेइती इलाके में ठहरे एक अलग समुदाय के पांच अज्ञात लोगों की मौजूदगी को लेकर चौकन्ना हुए फायेंग के लोगों का एक बड़ा समूह उनका पता लगाने के लिए कांगचुप इलाके में गया था। वे लोग जैसे ही वहां पहुंचे, संदिग्ध उग्रवादियों ने पहाड़ी की ओर से उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। बाद में, ग्राम रक्षा दल और सुरक्षा बल मौके पर गए, जिसके बाद वहां दोनों ओर से गोलीबारी हुई। पुलिस ने बताया, इलाके में गोलीबारी रूक गई है और इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। अब तक, सात लोगों को रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है।

## अयोध्या में रोशनी से जगमग राम की पौड़ी



*अयोध्या। दीपावली नजदीक होने से अयोध्या में सातवें दीपोत्सव की तैयारियां जोरों पर जारी है। यहां निर्माणाधीन राम जन्म भूमि मंदिर की अगले साल 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां भी जारी हैं। दीपोत्सव की तैयारियों के तहत मंगलवार को रोशनी में नहाई राम की पौड़ी।*

## किसानों की मांगों को लेकर दिल्ली कूच फरवरी में

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर अगले तीन महीनों में देशभर में महापंचायतें आयोजित करने के बाद किसान फरवरी में राष्ट्रीय राजधानी की ओर कूच करेंगे। संगठन ने यहां अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की और विभिन्न मांगों को लेकर अपने आंदोलन की रणनीति बनाई।

संगठन ने एक बयान में कहा, बैठक में किसानों को सरकार की किसान विरोधी नीतियों और किसानों की मांगों के बारे में जागरूक करने के लिए अगले तीन महीनों में देशभर में 20 महापंचायतें आयोजित करने का निर्णय लिया गया। 26 फरवरी 2024 को दिल्ली कूच करने का कार्यक्रम तय किया गया है। किसानों की प्रमुख आठ मुख्य मांगें हैं, जिनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसलों की खरीद की गारंटी वाला कानून, कर्ज माफी, बिजली क्षेत्र का निजीकरण रोकना और 60 साल से अधिक उम्र के किसानों को पेंशन शामिल हैं।

### पंजाब, हरियाणा, उप्र, राजस्थान को पराली जलाने पर रोक के निर्देश

# प्रदूषण की वजह से लोगों को मरता नहीं छोड़ सकते: एससी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी के बीच उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को फसल अवशेष (पराली) जलाने पर 'तत्काल रोक' सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि वह प्रदूषण की वजह से 'लोगों को मरता' नहीं छोड़ सकता।



न्यायाधीश संजय किशन कौल ने कहा, मुझे अफसोस है, यह पूरी तरह से लोगों के स्वास्थ्य की हत्या है। इसके अलावा मेरे पास कोई शब्द नहीं है। न्यायाधीश कौल मामले की सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता कर रहे हैं। न्यायाधीश सुधांशु धूलिया भी इस पीठ के सदस्य हैं। राज्यों द्वारा एक दूसरे पर जिम्मेदारी थोपने पर कड़ा रुख अपनाते हुए पीठ ने कहा,हमेशा राजनीतिक लड़ाई नहीं हो सकती। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए, पीठ ने पराली जलाने, वाहन प्रदूषण और खुले में कचरा जलाने जैसे मुद्दों पर गौर किया।

शीर्ष अदालत ने 1985 में वायु प्रदूषण को लेकर पर्यावरणविद एम. सी. मेहता द्वारा दाखिल याचिका पर संज्ञान लिया है और जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पराली जलाने का मुद्दा उठा। धान की फसल की कटाई के बाद बड़े पैमाने पर पराली जलाने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पीठ ने कहा, यह चिंता का विषय है...पराली जलाने की घटनाएं रुक नहीं रहीं। राज्यों ने इन्हें रोकने के लिए क्या कार्रवाई की?

### कूड़े को खुले में न जलाया जाए

न्यायालय ने कहा कि दिल्ली के निवासी साल-दर-साल इस समय स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, क्योंकि समस्या का समाधान नहीं खोजा जा सका है। पीठ ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करे कि शहर में कूड़े को खुले में न जलाया जाए।

### थाना प्रभारियों को सौंपी जिम्मेदारी

पीठ ने मुख्य सचिव की समग्र निगरानी में संबंधित थाना प्रभारियों (एसएचओ) को फसल अवशेष जलाने से रोकने की जिम्मेदारी दी। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि वह नहीं कह रही है कि फसलों के अवशेष जलाने से ही प्रदूषण हो रहा है, लेकिन साल की इस अवधि में इसकी उल्लेखनीय हिस्सेदारी है।

### वायु गुणवत्ता पांचवें दिन भी रही खराब

लगातार पांच दिनों तक गंभीर वायु गुणवत्ता के बाद मंगलवार को सुबह दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। पीएम2.5 की सांद्रता राजधानी में सरकार द्वारा निर्धारित 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सुरक्षित सीमा से सात से आठ गुना अधिक है जो श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर जाते हैं और स्वास्थ्य समस्याओं को गंभीर बनाते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## जजों की नियुक्ति में केंद्र का चुनिंदा रवैया परेशानी भरा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उच्च न्यायपालिका में कॉलेजियम की अनुशंसा वाले न्यायाधीशों की नियुक्ति में केंद्र का चुनिंदा रवैया परेशानी पैदा करने वाला है। न्यायाधीश संजय किशन कौल और न्यायाधीश सुधांशु धूलिया की पीठ ने एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानांतरण के लिए अनुशंसित नामों के लंबित रहने पर भी चिंता व्यक्त की।

पीठ ने कहा,हमें उम्मीद है कि ऐसी स्थिति नहीं आएगी जहां इस अदालत या कॉलेजियम को कोई ऐसा निर्णय लेना पड़े जो पसंद न हो। अदालत दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें से एक में न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित नामों को मंजूरी देने में केंद्र के देरी करने का आरोप लगाया गया। न्यायाधीश कौल ने



कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित नामों के मुद्दे को भी उठाया जो सरकार के पास लंबित हैं। पीठ ने कहा, हमने अटॉर्नी जनरल से कहा है कि यह फिर से चिंता का विषय है क्योंकि कई मौकों पर इस बात पर जोर दिया गया है कि अगर कुछ नियुक्तियां की जाती हैं और कुछ नहीं की जाती हैं, तो इससे पारस्परिक वरिष्ठता अव्यवस्थित होती है।

उन्होंने कहा, लेकिन चुनिंदा रुख ने ने बहुत सारी समस्याएं पैदा कर दी हैं। ऐसा न करें। कौल ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा, चुनिंदा चयन और नियुक्ति परेशानी भरा पहलू है।

### देव दर्शन के दौरान केदारनाथ में भाइयों का मिलन

## राहुल की वरुण गांधी से मुलाकात

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और उनके चचेरे भाई तथा भाजपा सांसद वरुण गांधी ने मंगलवार को केदारनाथ मंदिर के दर्शन के दौरान संक्षिप्त मुलाकात की। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने यह भी बताया कि इस मुलाकात में कोई भी राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। दोनों भाइयों की सार्वजनिक रूप से मुलाकात बहुत कम देखी गई है।

देश के प्रमुख राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले दोनों चचेरे भाइयों की मुलाकात ने



वरुण गांधी के राजनीतिक भविष्य को लेकर कुछ हलकों में अटकलें शुरू कर दी हैं। संजय गांधी और मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी को हाल के महीनों में भाजपा की प्रमुख बैठकों में नहीं देखा गया है और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनकी राय पार्टी से अलग रही है। वह उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से लोकसभा सदस्य हैं। सूत्रों ने बताया कि गांधी परिवार के दोनों सदस्यों ने पवित्र मंदिर के बाहर संक्षिप्त मुलाकात की और एक-दूसरे का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि मुलाकात बहुत छोटी और गर्मजोशी भरी थी। सूत्रों ने कहा कि राहुल गांधी इस दौरान वरुण की बेटी से मिलकर बहुत खुश हुए। राहुल गांधी पिछले तीन दिन से उत्तराखंड के केदारनाथ में हैं, जबकि वरुण गांधी ने मंगलवार को अपने परिवार के साथ केदारनाथ का दौरा किया।

## मालगाड़ी पर पुल से गिरी कार, तीन लोगों की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र में कर्जत और पनवेल रेलवे स्टेशनों के बीच मंगलवार की सुबह चलती मालगाड़ी के ऊपर एक पुल से एक कार के गिर जाने सेत तीन लोगों की मौत हो गई। कार मुंबई-पनवेल मार्ग पर नेरल की ओर जा रही थी। मध्य रेलवे (सीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवराज मानसपुरे ने बताया कि मालगाड़ी पनवेल से रायगढ़ जिले के कर्जत की ओर जा रही थी और इस घटना के कारण इसके कुछ वैगन अलग हो गए।

## कुपवाड़ा में शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण



*कुपवाड़ा। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में मंगलवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अन्य कई नेता शामिल हुए।*

### संघ के कार्यकारी मंडल की बैठक

# 'भारत हमेशा से हिंदू राष्ट्र, ऐसा बनाने की जरूरत नहीं'

**एजेंसी** | भुज(गुजरात)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने मंगलवार को कहा कि संघ का मानना है कि भारत को हिंदू राष्ट्र में परिवर्तित करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि देश हमेशा से ऐसा है। आरएसएस के वरिष्ठ नेता ने गुजरात में कच्छ जिले के भुज में संघ के तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक के अंतिम दिन संवाददाताओं से यह कहा। होसबाले ने कहा, भारत पहले से हिंदू राष्ट्र है और भविष्य में भी ऐसा बना रहेगा। डॉ हेडगेवार (आरएसएस के संस्थापक) ने कभी कहा था कि देश में जब



तक हिंदू हैं, यह देश हिंदू राष्ट्र है। संविधान, राज्य व्यवस्था के बारे में बात करता है, जो अलग चीज है।

एक राष्ट्र के रूप में, भारत हिंदू राष्ट्र था, है और बना रहेगा। होसबोले इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि भारत हिंदू राष्ट्र कब बनेगा। उन्होंने कहा कि देश की एकता के बारे में सोचना और समाज की बेहतरी के लिए कुछ वक्त देना 'हिंदुत्व' है। उन्होंने कहा, आरएसएस लोगों को यह महसूस कराने के लिए काम करता है कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। इस तरह, हिंदू राष्ट्र बनाने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि भारत पहले से ऐसा है। आरएसएस यही मानता है। उन्होंने दावा किया कि देश के समक्ष एक मुख्य चुनौती कुछ लोगों का इसे 'उत्तर बनाम दक्षिण' के आधार पर बांटना है। कुछ लोग अब कह रहे हैं कि दक्षिण भारत, उत्तर भारत से अलग है।

### मंदिर के लिए घर घर जाएंगे संघ कार्यकर्ता

होसबोले कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के 22 जनवरी को उद्घाटन से पहले, आरएसएस कार्यकर्ता इस अवसर पर देश के लोगों को वहां आमंत्रित करने के लिए एक जनवरी से 15 जनवरी तक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएंगे, जिसके तहत वे घर-घर जाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां आरएसएस की बैठक में, पाकिस्तान से लगी सीमा वाले कच्छ जिले के गांवों सहित सीमावर्ती गांवों से हिंदुओं के पलायन पर भी चर्चा की गई।

### सीमावर्ती गांवों से हिंदुओं के पलायन पर चर्चा

उन्होंने कहा, हमने सीमावर्ती गांवों में विकास और सुरक्षा पर चर्चा की। लोग इन गांवों में सुविधाओं का अभाव होने के चलते कहीं और पलायन कर रहे हैं। धर्मांतरण भी वहां हो रहे हैं। हम इन मुद्दों पर गौर कर रहे हैं। सीमा के नजदीक देशभक्त लोगों की मौजूदगी देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। 'लव जिहाद' के मुद्दे पर, आरएसएस नेता ने कहा कि इस मुद्दे के दो पहलू हैं--लोगों को जागरूक करना और कानूनी लड़ाई लड़ना। उन्होंने कहा कि आरएसएस उन महिलाओं के पुनर्वास पर भी काम कर रहा है, जिन्होंने इस तरह के संबंधों से खुद को मुक्त कर लिया है लेकिन उनके परिवारों ने उन्हें स्वीकार नहीं किया है।

### संघ की विस्तार योजनाओं की समीक्षा

होसबोले ने कहा कि आरएसएस की बैठक के दौरान, आमंत्रित सदस्यों ने संघ की विस्तार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, क्योंकि संघ ने 2025 में अपने शताब्दी समारोहों से पहले देश में सभी 59,060 मंडलों में शाखा खोलने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में, करीब 38,000 मंडलों में इसकी 95,000 शाखाएं हैं।

### सोशल मीडिया को सरकार के निर्देश

## छेड़छाड़ की गई तस्वीरें 24 घंटे में हटाई जाएं

**■ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना मामले के बाद उठाया कदम**

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र ने 'एक्स', इंस्टाग्राम और फेसबुक समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर छेड़छाड़ की गई तस्वीरों को हटाने के लिए कहा है। एक आधिकारिक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का काट-छांट किया गया (डीप फेक) वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहा है। नेटिज़न्स का दावा है कि वीडियो से छेड़छाड़ की गई है और वास्तविक वीडियो ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय मूल की महिला का है। परामर्श के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को उस सामग्री को हटाने या अक्षम करने के लिए सभी उपाय करने चाहिए जो इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रतिरूपण की प्रकृति में है।

सूत्र ने कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों के नियम के मुताबिक काम करने में विफल रहने के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय कार्रवाई करेगा। ज्ञात रहे कि रश्मिका डीप फेक वीडियो पर कई हस्तियों ने चिंता जताई थी।

## लोकरंग-2023 का आज सिम्फनी और भारत मिलन के साथ होगा समापन

# प्राचीन लोक नृत्यों ने जमाया रंग

बेधड़क | जयपुर

कलाकारों ने कला की ऐसी बानगी पेश की कि हर उम्र के कला प्रेमी मंत्रमुग्ध हो गए। कई राज्यों की संस्कृति डांस और अन्य प्रस्तुतियों में जयपुर में मंच पर उतर आई। इससे युवाओं को देश की विभिन्न संस्कृतियों को जानने का मौका भी मिला।

ये थे जवाहर कला केन्द्र में लोक रंग महोत्सव में परफॉर्म करने वाले कलाकार। जेकेके की अति. महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने अपील की कि लोकरंग में देशभर की लोक कलाओं को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया है। 26 राज्यों से आए कलाकारों ने महोत्सव में रंग भरा है। राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह में 12 राज्यों से आए कलाकारों ने 14 लोक विधाओं की प्रस्तुति मध्यवर्ती के मंच पर दी। वहीं शिल्पग्राम का मुख्य मंच सांस्कृतिक विविधता का गवाह बना। दोनों स्थानों पर 250 कलाकारों ने प्रस्तुति दी।



### ढोल की थाप के साथ आगाज

कर्नाटक के कलाकारों ने ढोलू कुनीथा में ढोल की थाप के साथ कार्यक्रम की जोशीली शुरुआत की। कोलकली में मालाबार क्षेत्र में प्रचलित डांडिया शैली का प्रदर्शन हुआ। भपंग वादन की प्रस्तुति में भपंग की तान पर मेवात के सौंदर्य का बखान किया गया। बात चली सौंदर्य की तो जम्मू-कश्मीर के कलाकारों ने बच नगमा गायन में पहाड़ी सुंदरता को बयां किया। गुजरात के गरबा और बिहार के मगही झूमर के बाद हिमाचल के सींहटू नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रकृति संरक्षण का संदेश देने वाली प्रस्तुति में कलाकार विभिन्न जानवरों के वेश में दिखाई दिए। वहीं तेलंगाना से आए कलाकारों ने गौंड जनजाति की ओर से किए जाने वाले गुसाड़ी नृत्य को पेश किया। असम में बोडो जनजाति में दुल्हन को लेकर लौटी बारात के स्वागत में किए जाने वाला डाउश्री डेलाई नृत्य किया गया।

### दिवाली पर होली के रंग

कार्यक्रम में तमिलनाडु के काई सिलाम्बट्टम में कलाकारों की कलाबाजियां और फिर झारखंड के पुरुलिया छऊ में आंगिक अभिनय प्रधान नृत्य। छऊ में घोड़ासुर वध का प्रसंग वर्णित हुआ। फुर्तीले कलाकारों ने नृत्य में करतबों का जो संयोजन किया। 700 सालों से गुजरात में रह रही अफ्रीकन जनजाति के कलाकारों का नृत्य दिखाई दिया। दूसरी ओर दिवाली पर मनमोहक ब्रज की होरी के साथ राष्ट्रीय नृत्य उत्सव का समापन हुआ।



## डेवलपमेंट पर बात करते हुए नए आइडियाज पर की चर्चा




**बेधड़क. जयपुर।** आपसी कनेक्ट को प्रमोट करने के लिए आंत्रप्रिन्योर्स एक प्लेटफॉर्म पर आए और मीट में हिस्सा लिया। एक-दूसरे से इंटरेक्शन में उन्होंने डवलपमेंट पर बात करते हुए नए आइडियाज पर चर्चा की। ये थे आईआईएफएल होम लोन की ओर से आयोजित की गई मीट में आए आंत्रप्रिन्यार्स, जिन्होंने कार्यक्रम में विकास पर चर्चा की। कनेक्ट को बढ़ाने के लिए आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के नगर नियोजन प्रधान सलाहकार और पूर्व मुख्य नगर नियोजक एचएस संचेती ने शिरकत की। उन्होंने सरकार ने नीतियों के बारे में बताया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि देवो भव की तर्ज पर आईआईएफएल के शीर्ष क्रम प्रवीण खुल्लर व राजस्थान चीफ हरेंद्र शर्मा ने की। करन ढड्ढा ने बताया कि डिजिटल प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं।

## ग्रीन बेल्ट में श्रमदान कर लिया ग्रीनरी का संकल्प

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने श्रमदान करते हुए क्षेत्र को साफ करने के साथ ग्रीन बनाने का संकल्प लिया। इसके लिए टीम 10 विद्याधर नगर के सेक्टर 8 में मंदिर मोड़ से शास्त्रीनगर की तरफ जाने रोड साइड ग्रीन बेल्ट में गई। वहां सभी ने श्रमदान किया। इसी प्रकार दूसरा ग्रुप पापड़ वाले हनुमान मंदिर परिसर में गया और वहां श्रमदान करते हुए सफाई की गई। इससे यहां आने वाले भक्तों को भी राहत मिली। इस दौरान पौधों और पेड़ों में टैंकर से पानी डाला गया। ट्री एंबुलेंस ने दोपहर एक बजे तक विद्याधर नगर की गलियों के पेड़ों की सार संभाल भी की।

## कृष्णा पोलो ने जीता आरपीसी कप, धीरावत ने किए 3 गोल




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान पोलो ग्राउंड पर आरपीसी कप के फाइनल के साथ सितंबर पोलो सीजन खेला गया। टीम कृष्णा पोलो ने टीम आरपीसी को 6-4.5 स्कोर से हराकर आरपीसी कप अपने नाम किया। विजेता टीम कृष्णा पोलो के लिए लोकेंद्र एस धीरावत ने 3 गोल किए। वहीं, अश्विनी शर्मा ने 2 गोल और विशाल सिंह राठौड़ ने 1 गोल किया। इसी प्रकार टीम आरपीसी की ओर से वंदित गोलेच्छा ने 3 गोल और विक्रमादित्य सिंह बरकाना ने 1 गोल किया। टीम के अन्य खिलाड़ियों में एलन शॉन माइकल और सिद्धांत सिंह रहे। सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और खेल भावना का परिचय दिया।

## राम जन्मभूमि से लाए पीले चावल

बेधड़क | जयपुर



विश्व हिंदू परिषद जयपुर प्रांत की ओर से संत सियाराम दास महाराज कनक बिहारी मंदिर व अयोध्या दास महाराज आमेर के सानिध्य में अयोध्या से आए अक्षत कलश और पीले चावल विश्व हिंदू परिषद कार्यालय भारत माता मंदिर में पहुंचे। 23 जनवरी से मंदिर के द्वार जनता के लिए खोल दिए जाएंगे, जिसके आमंत्रण के लिए विश्व हिंदू परिषद् 1 से 15 जनवरी तक जनसंपर्क निमंत्रण अभियान चलाएगा। विश्व हिंदू परिषद् के कार्यकर्ता 2 लाख गांवों 75 लाख लोगों तक पहुंचकर कर पीले चावल के साथ मंदिर दर्शन का निमंत्रण देंगे। क्षेत्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष सुरेश उपाध्याय ने बताया कि 22 जनवरी को हिंदू समाज द्वारा दीपावली जैसा उत्सव मनाए जाने की तैयारियां की जा रही हैं।

## सिस्टर्स टेबल में हलवा थीम साकार

बेधड़क | जयपुर



काल्ड्रॉन सिस्टर्स ऋचा और रतिका ने 'द सिस्टर्स टेबल' के दूसरे संस्करण की मेजबानी की। इस दौरान दोनों ने 'हलवा' थीम को साकार किया। ऋचा ने कहा कि हलवा हमेशा से त्योहार के वक्त की सबसे ज्यादा बनाई जाने वाली डिश रही है। खासकर दिवाली का अभिन्न हिस्सा रहा है। इसलिए हम एक ऐसा कार्यक्रम बनाना चाहते थे, जहां लोग भोजन के प्रति अपने प्यार से जुड़ सकें और अपनी हलवा कहानियां साझा कर सकें। रतिका ने कहा, हम सभी नई खोज के बारे और भोजन से जुड़ी कहानियां साझा करते हैं। इस बार हम इमली के बीज का हलवा की अनसुनी अवधारणा साझा करना चाहते थे और इस पर प्रतिक्रिया देखकर अच्छा लगा।

## City इवेंट्स

### जयपुर ज्वेलरी शो डिजाइनर बूथ्स भी कद्रदानों का खींचेंगे ध्यान



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर में एक बार फिर जूलरी की चमक कई बूथों पर चमकेगी। डिजाइनर बूथ्स भी जूलरी प्रेमियों को आकर्षित करेंगे। ये सब देखने को मिलेगा जयपुर ज्वेलरी शो (जेजेएस) में, जिसके लिए आयोजन समिति के सदस्यों ने 'पिंक क्लब' बूथ के डिजाइन का जायजा लिया, जो जेजेएस-2023 के लिए एक विशेष बी2बी ट्रेडर्स पवेलियन है। इस दौरान टीम जेजेएस ने बूथ के फर्नीचर और लेआउट विकल्पों की गुणवत्ता की जांच की और कुछ ऑनसाइट सुझाए गए बदलावों के साथ बूथ को अंतिम रूप दिया। पिंक क्लब इस वर्ष नए स्थान पर होगा और यह ज्यादा स्पेस के साथ हॉल 2 का हिस्सा बनेगा। मानद सचिव राजीव जैन ने बताया कि जयपुर ज्वैलरी शो 22-25 दिसंबर तक जेईसीसी में होगा।

### रेबीज नियंत्रण के लिए मनीष सक्सेना अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**बेधड़क, जयपुर।** यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका स्थित रेबीज नियंत्रण के लिए ग्लोबल एलाइंस फॉर रेबीज कंट्रोल की ओर से एडवोकेट मनीष सक्सेना को भारत में रेबीज नियंत्रण के लिए जागरूकता, एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान व रेबीज उन्मुल्लन रणनीति विकसित करने में योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय वर्ल्ड रेबीज डे अवॉर्ड-2023 से सम्मानित किया गया। स्टेट एनिमल वेलफेयर बोर्ड राजस्थान के सदस्य तथा एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया भारत सरकार के प्रतिनिधि सक्सेना 25 वर्षों से भी अधिक समय से जीव जंतु कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत हैं।




### रोलर स्केटिंग प्रतिस्पर्धा में जयपुर के स्केटर्स ने मार लिया मैदान

**बेधड़क, जयपुर।** बीकानेर में हुई स्टेट चैम्पीयनशिप में जयपुर के सकेटर्स ने 30 स्वर्ण, 24 रजत, 20 कांस्य पदक जीतकर मान बढ़ाया। स्पर्धा में परमवीर सिंह राठौड़, भव्य, अधिप कुमावत, शाश्वत, उत्कर्ष, कविश, मोहित, वंश, उज्ज्वल, कृश, पलक, भव्या बिशनोई, दिव्यांशी, माहिरा नूर, रीवांगना राठौड़, टियाना, हर्षा, तान्या, गूनिका, आस्था, शानवी, हितांशी ने स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किए तो अन्यों ने 24 रजत व 20 कांस्य पदक जीतकर जयपुर की जीत सुनिश्चित की। प्रथम स्थान पर जयपुर, द्वितीय स्थान पर बीकानेर और तृतीया स्थान पर जोधपुर और उदयपुर रहे। प्रतियोगिता में कुल 30 जिलों के स्केटर्स ने प्रतियोगिता में भाग लिए।



## भट्टारक जी की नसियां में हुई कार्यक्रम की शुरुआत

# जैन हेल्पलाइन से पता चलेगी समाज की सभी गतिविधियां



बेधड़क | जयपुर

नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां में दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के तहत जैन समाज की केंद्रीय जैन हेल्पलाइन शुरु की गई।

भगवान महावीर के 2550 में निर्वाण महोत्सव पर अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, मंत्री सुभाष चंद जैन जौहरी व जैन विद्या संस्थान डॉक्टर कमलचंद सोगानी ने कम्प्यूटर का बटन दबाकर हेल्पलाइन शुरू की। इस मौके पर क्षेत्र कमेटी उपाध्यक्ष एस के जैन, सी पी जैन, संयुक्त मंत्री उमराव मल संघी, कोषाध्यक्ष विवेक काला, जस्टिस एनके जैन, पीके जैन, पीसी जैन, अनिल दीवान, सुरेश सबलावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। समारोह में राजस्थान जैन सभा अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद, राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदीप जैन, विनोद कोटखावदा, जैन सिटीजन फाउंडेशन सुधीर गोधा, भूषण जैन, सुदीप बगडा, नवीन जैन बिल्टी वाला, विपिन बज सहित अनेक संस्थाओं व ट्रस्टों के प्रतिनिधि शामिल हुए। अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने बताया हेल्प लाइन रोजाना सुबह 10 से शाम 5 बजे तक व रविवार को सुबह 10 से 12 बजे तक खुली रहेगी। इसके लिए एक ध्रुव फंड तथा संचालन समिति का गठन किया जाएगा, जिससे हेल्पलाइन सूचना व सेवाओं के आदान-प्रदान का माध्यम बने।

## रवींद्र मंच पर नाटक में दिया जीने का संदेश

# गज-फुट-इंच में उलझे टिल्लू के जीवन में रोशनी बन आई जुगनी



बेधड़क | जयपुर

जयपुर में वयस्कता की दहलीज पर खड़े एक किशोर लड़के टिल्लू की गहरी भावनाओं को मंच पर उतारा गया। आधुनिक युग में सबकुछ डिजिटल हो गया, लेकिन नाटक का मुख्य पात्र टिल्लू आज भी अपना हिसाब-किताब गज फुट में लगता है। ऐसे में कलाकारों ने बड़ी ही सुंदरता से इस पूरी प्रक्रिया को अभिनय से मंच पर उतारा और मैसेज दिए। कैसे वह जुगनी मंगेतर के कारण विजेता के रूप में उभरता है, जो उसे वैसे ही स्वीकार करती है जैसा वह है।

परिवार का मुखिया पोखरमल कपड़े का व्यापारी है और उसका बेटा टिल्लू सांसारिक रूप से काफी बुद्धिमान व शांत स्वभाव का है, लेकिन जब रोमांस की बात आती है तो वह बहुत भोला है। इस वजह से उसके माता-पिता उसकी शादी को लेकर चिंतित हैं। उसकी मुलाकात जुगनी से हो जाती है। काफी नाटकीयता व हास्य स्थिति के बाद दोनों की शादी हो जाती है। टिल्लू बोलता है कि सब आगे बढ़ गए और मैं इस गददी पर हूं, जहां मेरे अनपढ़ बाप-दादा बैठते थे।

सच मानो जुगनी आज के डिजिटल युग में मैं वही पुराना गज फुट इंच हूं, जिसे लोग कबका भूल चुके हैं। गौरव गौतम, सृष्टि गांधी, विशाल बेरवा, साहिल फौजदार, ऐश्वर्या राजावत, निधि सिंह, अनुराग सैनी ने अभिनय किया। नाटक का निर्देशन राहुल भाटी ने किया।

**डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग** टीमों के लिए 300 खिलाड़ियों का ऑक्शन

# वुमन में बड़ी बोली डॉ. प्रेम की, ICON में महंगे मनीष

बेधड़क | जयपुर



डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग 17 से 26 नवंबर तक स्पोफिट अकादमी में होगी। इसमें टीम गठन के लिए 300 खिलाड़ियों का ऑक्शन द क्राउन के बैंक्वेट हाल में सम्पन्न हुआ। इसमें वुमन कैटेगिरी में सबसे बड़ी बोली डॉ. प्रेम की रही और आइकन कैटेगिरी में सबसे महंगे डॉ. मनीष थगरिया रहे।

लीग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि इस दौरान सीनियर, किड्स, बॉयज व वुमन टीमों का गठन किया गया। इस मौके पर क्राउन ग्रुप के नितिन चोर्डिया व निविक हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सोनदेव बंसल और वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषयग डा. धीरज दुबे उपास्थित रहे। इन्होंने नवाचार स्पिन द व्हील ऑक्शन प्रक्रिया की सराहना की व लीग की सफलता के लिए चिकित्सक खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. मनीष जैन, डॉ. अजीत जैन, डॉ. निधि पूनिया, डॉ. सुधांशु शर्मा, डॉ. महेंद्र पूनिया, डॉ. रवींद्र गोठवाल, डॉ. दिलीप गुप्ता, डॉ. नफीस अहमद, डॉ.देवेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. फैज पड़े भारी

सह संयोजक डॉ. सत्यपाल ने बताया कि बॉयज में सबसे ज्यादा बोली डॉ. फैज 53 लाख पॉइंट्स, डॉ. जितेंद्र चौधरी 50 लाख पॉइंट्स, डॉ. यश कंवल 32 लाख पॉइंट्स को आंच टाइटन्स, पैथोस्कोप व डॉ. शर्मा डायग्नोस्टिक ने खरीदा। कॉर्डिनेटर डॉ. मोनिका शर्मा ने बताया कि किड्स टीम आइकन में देवांश को जयपुर गैस्ट्रो ने 59 लाख, प्रीमियम में राणा आर्थो ने वीरल को 42 लाख, स्टार में रोवित को 30 लाख पॉइंट्स में रमाया हॉस्पीटल ने खरीदा।

### किस खिलाड़ी की कितनी बोली

संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि सीनियर वर्ग आइकन में डॉ. मनीष थगरिया को 55 लाख पॉइंट्स में कैंसर क्योर क्लिनिक ने, प्रीमियम में डॉ. शुभम् शर्मा को 32 लाख पॉइंट्स में निया डायग्नोस्टिक ने, प्लैटिनम में डॉ. अखिल बोरा को 28 लाख पॉइंट्स में रावत आई ने, डॉ. अवधेश अग्रवाल को 28 लाख पॉइंट्स में एचसीजी ने, डॉ. निशांत शर्मा को 28 लाख पॉइंट्स में जीवन रेखा ने, डायमंड में डॉ. अभिषेक गुप्ता को 21 लाख पॉइंट्स में अग्रवाल हॉस्पिटल ने, स्टार में डॉ. सुभाष कुमावत को 20 लाख पॉइंट्स में सोनी न्यूरो साइंसेज ने, एमरल्ड में प्रेम चौधरी को 39 लाख पॉइंट्स में पर्पल एरोन ने खरीदा। आयोजन सचिव डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि वूमन कैटेगरी में बड़ी बोली प्रेम चौधरी की 82 लाख पॉइंट्स, मीनाक्षी को 54 लाख, अक्षी अग्रवाल को 29 लाख, कृतिका को 18 लाख पॉइंट्स में क्रमश इंडस हॉस्पिटल, शुभम केयर, एएलसीएस हॉस्पिटल व लिपि क्लिनिक ने खरीदा।

क्रोध करके वो सब मत गंवाइए, जो आपने शांत रहकर कमाया है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### अब तक 40 लोगों की मौत, 10,000 से ज्यादा लोग विस्थापित, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी- राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा

# बाढ़ में डूबे केन्या और सोमालिया





**एजेंसी** | नैरोबी

केन्या और सोमालिया में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और दस हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। सोमालिया में संघीय सरकार ने बिगड़े मौसम से हुई तबाही के बाद राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की।

सोमालिया में आपदा की वजह से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में मकान, सड़कें और पुल तबाह हुए हैं। आपात एवं बचाव कर्मी दक्षिणी सोमालिया के जुबालैंड राज्य के लुक जिले में बाढ़ के पानी में फंसे करीब 2400 लोगों तक पहुंच बनाने के प्रयास में जुटे हैं।

मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने जुबा और शबेले नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को बाढ़ की चेतावनी दी और सभी लोगों को वहां से निकालने का आदेश दिया।

पड़ोसी देश केन्या में केन्या रेड क्रॉस ने बताया कि भारी बारिश से अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। रेड क्रॉस के मुताबिक, केन्या का बंदरगाह शहर मोम्बासा, उत्तरपूर्वी शहर मंदेरा और वजीर भारी बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले शहर हैं। केन्या रेड क्रॉस ने बताया कि रविवार को अचानक आई बाढ़ ने 241 एकड़ कृषि भूमि को नष्ट कर दिया और 1067 जानवरों की मौत हो गई। केन्या के मौसम विभाग ने सितंबर में चेतावनी दी थी कि अक्टूबर और दिसंबर के बीच आमतौर पर कुछ दिनों तक होने वाली वर्षा इस बार पहले के मुकाबले काफी ज्यादा होगी।

#### तेजी से जारी है बचाव कार्य

एजेंसी के प्रबंध निदेशक हसन इस्से ने समाचार एजेंसी द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि सोमालिया आपदा प्रबंधन एजेंसी तेजी से मुश्किलों का जवाब दे रही है, डोलो के लिए एक उड़ान भेजने और निकासी में सहायता के लिए दो नावों को किसमायो से ल्यूक और एक को बार्डेरे तक ले जाने की योजना है। इस्से ने कहा कि इथियोपिया के हाइलैंड्स में ऊपर की ओर से अधिक पानी आने के कारण अगले कुछ दिनों में मौजूदा बाढ़ की स्थिति और भयावह होने की संभावना जताई है।

### इजराइल और हमास युद्ध को हुआ एक महीना पूरा


# कुछ समय युद्ध रोकने के लिए तैयार हुआ इजराइल

**एजेंसी** | खान यूनिस (गाजा पट्टी)

इजराइल-हमास युद्ध को मंगलवार को एक महीना पूरा हो चुका है, जिस दौरान इजराइली सेना के जवाबी हमले ने हमास को तहस-नहस कर दिया है। इसी बीच, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल गाजा पट्टी से सहायता सामग्री के प्रवेश या फंसे लोगों को बाहर निकालने की सुविधा के लिए लड़ाई में कुछ समय के विराम पर विचार करेगा। हालांकि, इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद युद्ध विराम के आह्वान को फिर से खारिज कर दिया है।

नेतन्याहू ने 'एबीसी न्यूज' से साक्षात्कार में कहा कि वह हमलों को 'थोड़ी-थोड़ी देर के लिए रोकने' को तैयार हैं, ताकि हमास द्वारा 7 अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के दौरान बंधक बनाए गए 240 से अधिक लोगों की रिहाई सुनिश्चित की जा सके। हमास के इसी हमले के बाद से यह ताजा संघर्ष शुरू हुआ था। नेतन्याहू ने साक्षात्कार में सभी बंधकों की रिहाई के बिना संघर्ष विराम की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया।

अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और नेतन्याहू के बीच फोन पर बातचीत में व्यापक 'मानवीय अल्प विराम' के अमेरिकी आह्वान को लेकर कोई सहमति नहीं बनी।



#### गाजा में हवाई हमले लगातार जारी

इजराइली बल गाजा के भीतर फिलिस्तीनी उग्रवादियों से एक सप्ताह से अधिक समय से लड़ रहे हैं और उन्होंने उसे दो भागों में विभाजित कर गाजा सिटी को घेर लिया है। गाजा में हवाई हमले लगातार जारी हैं और यहां की करीब 23 लाख आबादी में से करीब 70 प्रतिशत लोग इजराइली आदेश के अनुसार अपने घर छोड़कर दक्षिणी भाग की ओर चले गए हैं, लेकिन वहां भी बमबारी जारी है। गाजा में मृतकों की संख्या बढ़कर 10,000 से अधिक हो गई है। साथ ही 2,300 से अधिक लोग लापता है। इजराइल में करीब 1,400 लोगों की मौत हुई है।

### शीत युद्धकालीन सुरक्षा समझौते से बाहर हुआ रूस, कहा...

# 'संधि टूटने के लिए अमेरिका जिम्मेदार'

**एजेंसी** | मॉस्को।

रूस शीत युद्ध के दौर के एक अहम सुरक्षा समझौते से खुद के बाहर होने का इरादा जाहिर करने के आठ साल बाद मंगलवार को इससे अलग हो गया। 'यूरोप में पारंपरिक सशस्त्र बल संधि' की राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा रूसी संसद 'ड्यूमा' के दोनों सदनों द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद यह घटनाक्रम हुआ। रूस ने अमेरिका और इसके सहयोगी देशों को अपने इस कदम के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि हमने यूरोप में पारंपरिक शस्त्र नियंत्रण की व्यवहार्यता को बहाल करने के तरीकों पर वार्ता के लिए द्वार खुले रखे थे, लेकिन हमारे विरोधियों ने इस अवसर का लाभ नहीं उठाया।

#### NATO ने भी संधि को किया निलंबित

**ब्रसेल्स।** नाटो ने शीत युद्धकालीन एक सुरक्षा संधि से रूस के बाहर होने के जवाब में इसे औपचारिक रूप से स्थगित करने की मंगलवार को घोषणा की। नाटो ने कहा कि संधि पर हस्ताक्षर करने वाले सदस्य समझौते में अपनी भागीदारी अब स्थगित कर रहे हैं। नाटो के 31 सदस्य देशों ने 'यूरोप में पारंपरिक सशस्त्र बल संधि' पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका लक्ष्य शीत युद्ध के दौर के प्रतिद्वंद्वी देशों को आपसी सीमाओं के पास सैनिकों को जमा करने से रोकना था। नाटो ने कहा कि एक ऐसी स्थिति जिसमें अन्य देश संधि का पालन करेंगे और रूस नहीं करेगा, कायम नहीं रहेगी।

# इस्लामी विद्रोहियों ने की 11 किसानों की हत्या

**एजेंसी** | मैदुगुड़ी

नाइजीरिया के उत्तरपूर्व में इस्लामी विद्रोहियों ने 11 किसानों की हत्या कर दी और कई अन्य किसानों को अगवा कर लिया।

विद्रोहियों ने बोरनो राज्य के येरे जिले में खेतों पर काम कर रहे किसानों पर हमला कर दिया और उनके सर कलम कर दिए। फिर वे गोलबारी कर करते हुए भाग गए। मारे गए किसानों में से करीब छह लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। बोरनो पुलिस के प्रवक्ता दासो नाहुम ने हमले की पुष्टि की, लेकिन ज्यादा जानकारी देने से इंकार कर दिया।

#### 44 लाख लोग कर रहे भुखमरी का सामना

संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम के मुताबिक, इस तरह के हमलों ने संकटग्रस्त क्षेत्र में भुखमरी के खतरे को और बढ़ा दिया है। इस संकटग्रस्त क्षेत्र में 44 लाख लोग पहले से भुखमरी का सामना कर रहे हैं। बोरनो राज्य में किसानों पर ऐसे हमले अक्सर होते हैं, जहां इस्लामी चरमपंथी विद्रोहियों ने पश्चिमी शिक्षा के खिलाफ लड़ने और क्षेत्र में इस्लामी शरिया कानून स्थापित करने के लिए 2009 में विद्रोह शुरू किया था।

### PML-N के सुप्रीमो नवाज शरीफ पर साधा निशाना

# लाहौर से नहीं होगा अगला PM: भुट्टो

**एजेंसी** | कराची

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सुप्रीमो नवाज शरीफ पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए कहा कि देश का अगला प्रधानमंत्री लाहौर से नहीं होगा। उन्होंने संकेत दिया कि उनकी पार्टी अगले साल आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव 'अपने दम पर' लड़ेगी।

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री भुट्टो जरदारी (35) ने यह भी स्पष्ट किया कि पीपीपी को आगामी चुनाव में जीत हासिल करने के लिए किसी और की मदद लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि जब चुनाव की बात आती है, तो हम (पीपीपी) केवल पाकिस्तान के लोगों से मदद मांगते हैं। हम किसी और से कोई उम्मीद नहीं करते...। प्रधानमंत्री केवल वही व्यक्ति बनेगा, जिसे पाकिस्तान के लोग चुनेंगे और मेरा मानना है कि इस बार देश का प्रधानमंत्री लाहौर से नहीं होगा।

बिलावल भुट्टो जरदारी ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है, जब पीपीपी ने रविवार को सिंध के 14 जिलों में हुए उपचुनावों में बड़ी जीत हासिल की। उनके पिता एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और नवाज शरीफ के बीच इससे कुछ सप्ताह पहले टेलीफोन पर बातचीत हुई थी। शरीफ चार साल के स्व-निर्वासन के बाद देश लौटे हैं। इस बातचीत ने दोनों दलों के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन की अटकलों को हवा दे दी थी।



#### PPP को हरा नहीं पाएंगे विरोधी

बिलावल भुट्टो जरदारी ने रविवार को स्थानीय सरकार के उपचुनाव में पीपीपी की जीत को केवल एक शुरुआत बताया और कहा कि लोगों ने साबित कर दिया कि वे पीपीपी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि भले ही हमारे विरोधी एकजुट हो जाएं, वे पीपीपी को हरा नहीं पाएंगे। उधर, आसिफ अली जरदारी ने भी कहा कि 8 फरवरी का सूरज बिलावल भुट्टो जरदारी की जीत की खबर के साथ उगेगा। लोगों की पीड़ा के दिन लगभग समाप्त हो गए हैं, क्योंकि पीपीपी उनकी समस्याओं को खत्म कर देगी।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl